राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE: HARHIN11569

वर्ष 1, अंक 171, पेज 8, मूल्य 1 रूपये | शुक्रवार, 6 सितंबर 2024 | samachargate@gmail.com



बरसात बनी आफत, सड़कें जलमग्न, वहां डूबे, रास्ते जाम Page 3

# टिकट न मिलने पर छलका दीपक डागर का दर्द, समर्थकों के बीच फूट-फूटकर रोए

## बोले पार्टी को समझा था अपनी मां, लेकिन पार्टी ने किया मेरी जनता का अपमान







समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। हरियाणा विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा द्वारा 67 उम्मीदवारों की सूची जारी करने के बाद टिकट मिलने से वंचित उम्मीदवारों ने पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोलना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में पृथला विधानसभा क्षेत्र से वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक डागर को टिकट न मिलने से उनके समर्थकों में गहरा रोष व्याप्त है।

गुरुवार को गांव कैली स्थित उनके कार्यालय पर क्षेत्र के मौजिज लोगों ने एक बैठक करके भाजपा शीर्ष नेतृत्व के इस निर्णय पर गहरी नाराजगी जताते हुए टिकट बदलने की मांग की। उन्होंने कहा कि दीपक डागर टिकट के प्रबल दावेदार थे, लेकिन आखिरी समय में पार्टी ने किसी बाहरी उम्मीदवार को टिकट देकर क्षेत्र की जनता का मनोबल गिराने का कार्य किया है। इतना ही नहीं बैठक में मौजूद हरियाणा सरकार में जिला परिषद के चेयरमैन विजय लोहिया, जिला पार्षद अब्बास खान ने भी खुले तौर पार्टी के इस निर्णय का विरोध किया और अल्टीमेटम दिया कि अगर रविवार से पहले पार्टी ने टिकट नहीं बदली तो जो फैसला दीपक डागर लेंगे, जिला परिषद की पूरी टीम उनके साथ रहेगी। फिलहाल सभी ने आगामी रविवार को एकत्रित होकर चुनाव लड़ने या न लड़ने पर विचार करने के लिए बैठक का आयोजन किया है।

### डागर हुए भाव विभोर

बैठक में लोगों के स्नेह रुपी प्यार और जोश को देखकर भाजपा नेता दीपक डागर भाव-विभोर हो गए और फूट-फूट कर रोने लगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को सदैव अपनी मां समझा है और एक लायक बेटे की तरह पार्टी की सेवा की है, इस क्षेत्र से कई उम्मीदवारों ने टिकट के लिए दावेदारी जताई थी, जबकि सर्वे में हमारा नाम सबसे अव्वल था, इसके बावजूद पार्टी ने किसी बाहरी उम्मीदवार को टिकट दे दिया, जो कि पूरी तरह से गलत है। अगर पार्टी उनके अलावा किसी क्षेत्र के ही व्यक्ति को टिकट देती तो वह उसका समर्थन करते, लेकिन किसी बाहरी उम्मीदवार को टिकट देना हम किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### बोले : बाहरी उम्मीदवार को दी टिकट

दीपक डागर ने कहा कि पृथला क्षेत्र की जनता उनका परिवार है और अपने इस परिवार की सेवा में वह कई वर्षो से समर्पित है और लोगों की समस्याओं को दूर करवाने के लिए प्रयासरत रहे है, लेकिन भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने पृथला क्षेत्र की जनमानस की आवाज को दरकिनार करते हुए बाहरी उम्मीदवार को टिकट देकर क्षेत्र की जनता का अपमान किया है और पार्टी के इस निर्णय से पृथला क्षेत्र से पार्टी को हार का सामना करना पड़ सकता है।

### करेंगे बड़ी सभा :

डागर ने कहा कि आगामी आठ सितंबर को वह क्षेत्र की जनता के आह्वान पर एक बड़ी सभा करेंगे और उसके बाद ही चुनाव को लेकर कोई बड़ा निर्णय लेंगे। इस अवसर जिला परिषद के चेयरमैन विजय लोहिया, वार्ड नंबर तीन के जिला पार्षद अब्बास खान ने कहा कि दीपक डागर पिछले कई वर्षों से पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता के रुप में काम कर रहे थे, सर्वे रिपोर्ट में भी वह शीर्ष पर रहे, इसके बावजूद उन्हें टिकट न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है, पार्टी को अपने इस निर्णय को बदलना चाहिए, अन्यथा पार्टी को यहां से हार का मुंह देखना पड़ सकता है।

# वृंदा करात ने बच्चे को गौ तस्करों द्वारा हत्या पर की चिंता व्यक्त



समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात ने फरीदाबाद में आर्यन मिश्रा के परिजनों से मिलने उनके निवास स्थान पर पहुंचीं। उन्होंने नौजवान बच्चे की हत्या पर चिंता व्यक्त की है। आर्यन मिश्रा के पिता और मां से मिलकर अपनी पार्टी की तरफ से संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया कि आर्यन मिश्रा को गोली मारने वालों को मासूम और निर्दोष नौजवान बच्चे पर गोली चलाने का लाइसेंस किसने दिया है। उनके लाइसेंस शुदा हथियार ले जाने की छूट किसने दी। पुलिस वाले इन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं करते हैं। गौरक्षकों के नाम पर इस मामले में पुलिस लीपापोती कर रही। इसमें हरियाणा सरकार और पुलिस की मिलीभगत है। असली माने में दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की जा रही है। देश की राजधानी से मात्र 30 किलोमीटर की दूरी पर फरीदाबाद शहर के चार पांच के चौक के साथ पीड़ित परिवार के घर से नौजवान लड़के को रात को कार में बैठाकर पलवल की ओर जाते हुए लगभग ढाई बजे गोली मार दी। इन दोषियों के विरुद्ध पुलिस ने तत्काल कार्यवाही क्यों नहीं की। अभी भी असली दोषी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। इस घटना पर फरीदाबाद पुलिस का क्या रोल होना चाहिए। गौरक्षकों के नाम पर लगातार अपराध बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय देने की मांग की। इसके साथ-साथ परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग के अलावा उन्होंने सरकार से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और उनके बेटे को सरकारी नौकरी देने की मांग भी की। उन्होंने आर्यन मिश्रा की हत्या को दर्दनाक बताया। वह बेहद दर्दनाक है। इस मौके पर सीपीआईएम फरीदाबाद की सांगठनिक कमेटी के सचिव शिव प्रसाद, विजय झा, वीरेंद्र सिंह डंगवाल, जिला पलवल से सोहन पाल चौहान, ताराचंद, रघुवीर सिंह और अन्य साथी भी मौजूद रहे।

# भयंकर बेरोजगारी के चलते स्वीपर की कच्ची नौकरी करने को मजबूर ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट युवा : हुड्डा

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि हरियाणा में बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है। खुद बीजेपी सरकार के आंकड़े बताते हैं कि बेरोजगारी के चलते मजबूरी में ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट युवा कौशल रोजगार निगम में सफाई कर्मी की कच्ची नौकरी भी करने को तैयार हैं। स्वीपर के लिए निकले पदों पर 39,990 ग्रेजुएट और 6112 पोस्ट ग्रेजुएट युवाओं ने आवेदन किया। 1,17,144 बारहवीं पास युवा भी इस कच्ची नौकरी को करने की इच्छा रखते हैं। कुल मिलाकर 3.95 लाख युवा स्वीपर की नौकरी के लिए कतार में खड़े हुए हैं। इससे पहले पानीपत कोर्ट में चपड़ासी के 6 पदों की भर्ती में भी यही हाल देखने को मिला था। लेकिन उसके लिए अप्लाई करने वाले 10 हजार युवा थे, जिनमें बीए, एमए, एमफिल,पीएचडी, बीटेक और एमटेक पास युवा शामिल थे। एचएसएससी द्वारा निकाली गई ग्रुप-डी की 18 हजार भर्तियों के लिए 18 लाख बेरोजगार युवाओं ने अप्लाई किया था और कलर्क के 6 हजार पदों के लिए 25 लाख युवाओं ने अप्लाई किया था।

हुड्डा ने कहा कि जो हरियाणा कांग्रेस सरकार के दौरान देश में सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला राज्य था, उसे बीजेपी ने बेरोजगारी में नंबर वन बना दिया है। सीएमआईई (सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी) से लेकर एनएसओ के आंकड़े खुद इसकी तस्दीक करते हैं। केंद्र सरकार ने संसद में खुद माना कि हरियाणा में भाजपा सरकार बनने के बाद



बेरोजगारी तीन गुना बढ़ गई है। केंद्र सरकार ने बताया है कि हरियाणा में कॉंग्रेस सरकार के समय 2013-14 में बेरोजगारी दर सिर्फ 2.9% थी जो बीजेपी सरकार के दौरान 9.0% पहुंच गई है। प्रदेश के सरकारी विभागों में 2 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं। लेकिन उनपर सरकार ने भर्तियां तक नहीं की। ऊपर से निजी निवेश भी पूरी तरह प्रदेश में आना बंद हो गया है। जबकि 2014 से पहले हरियाणा प्रति व्यक्ति निवेश के मामले में देश का नंबर वन राज्य था।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि आज हरियाणा के युवा रोजी-रोटी की तलाश में या तो प्रदेश छोड़ रहे हैं या देश ही छोड़कर बाहर जा रहे हैं। कांग्रेस सरकार के समय नौकरियों की तैयारियों के लिए हरेक गली-मोहल्ले में कोचिंग सेंटर खुलते थे, लेकिन आज गली-गली में इमिग्रेशन वालों के ऑफिस खुल रहे हैं। हुड्डा ने कहा कि बेरोजगारी के चलते प्रदेश में नशा और अपराध भी बेकाबू हो गया है। कांग्रेस सरकार बनने पर बेकाबू हो चुकी बेरोजगारी, अपराध और नशे पर नकेल कसी जाएगी।

# धर्मक्षेत्र कुरूक्षेत्र में पवित्र वट वृक्ष के समक्ष माथा टेककर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शुरू किया चुनावी अभियान

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र से विधानसभा चुनाव प्रचार की शुरूआत की। सबसे पहले मुख्यमंत्री ने पावन भूमि ज्योतिसर गीता जन्मस्थली जहां भगवान श्रीकृष्ण ने गीता का ज्ञान दिया था वहां पर स्थित पवित्र वटवृक्ष के समक्ष माथा टेका और आशीर्वाद लिया।

नायब सैनी ने पत्रकारों के सवालों का बेबाकी से जवाब भी दिया और विधानसभा चुनाव के लिए लाड़वा से प्रत्याशी बनाए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को भी घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसी को नहीं बख्शती। कांग्रेस किसानों, गरीबों, पहलवानों, महिलाओं और



सैनिकों के नाम पर राजनीति करती है। इस मौके पर सीएम सैनी के साथ मंत्री सुभाष सुधा भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मेरे ऊपर लाड़वा के लोगों का बड़ा स्नेह और प्यार है। विधानसभा चुनाव में लाड़वा की सरदारी का बड़ा आशीर्वाद मिलने जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे लाड़वा के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। विकास की गति में लाड़वा को अग्रणी बनाएंगे। सीएम सैनी ने कहा कि क्षेत्र के लोगों के उत्साह और उमंग ने यह साफ संकेत दिया है कि वे विकास और स्थिरता के पथ पर आगे बढ़ने के लिए पूरी तरह भाजपा के साथ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव में खुद को नायब मानकर और इस चुनाव को अपना चुनाव समझकर प्रचार में जुट चुके हैं। श्री सैनी ने दावा करते हुए कहा कि हरियाणा में पूर्ण बहुमत के साथ तीसरी बार भाजपा सरकार बनने जा रही है।

पत्रकार के एक सवाल पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि करनाल से भी कमल का फूल चुनाव लड़ रहा है, थानेसर से भी कमल का फूल चुनाव लड़ रहा है। हरियाणा प्रदेश की जागरूक व सम्मानित जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने हरियाणा के लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि आप लोगों को चिंता करने की जरूरत नहीं है, बस आप लोग मजबूती के साथ भाजपा को जिताने का काम करें, डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा को विकास की नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगी।

एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने बड़े सोच समझकर प्रत्याशियों को चुनाव के मैदान में उतारा है।

# पृथला क्षेत्र में अबकी बार निति तौर पर खिलेगा कमल : पं. टेकचंद शर्मा

## भाजपा द्वारा टिकट दिए जाने पर समर्थकों ने किया पूर्व विधायक का स्वागत

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूर्व विधायक पंडित टेकचंद शर्मा को पृथला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बनाए जाने पर उनके समर्थकों में खासा उत्साह है। टिकट की घोषित होते ही टेकचंद शर्मा के सीकरी स्थित कार्यालय पर समर्थकों का जमावड़ा लग गया और उन्होंने ढोल नगाड़ों की थाप, आतिशबाजी चलाकर और नाचते गाते हुए लोगों में मिठाईयां बांटी और भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा ने टिकट दिए जाने पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, प्रभारी सतीश पूनिया, बिप्लब देव, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर सहित तमाम भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने पृथला क्षेत्र की जनता की मांग पर जो



विश्वास उन पर जताया है, वह उस विश्वास पर पूरी तरह से खरा उतरेंगे और अबकि बार पृथला क्षेत्र में निति तौर पर कमल खिलाएंगे। श्री शर्मा ने कहा कि यह चुनाव टेकचंद शर्मा नहीं बल्कि पृथला क्षेत्र की जनता लड़ेगी, प्रत्येक मतदाता अपने आपको टेकचंद शर्मा मानकर इस चुनावी समर में कूद जाए और इतनी बड़ी जीत भाजपा की झोली में डाले, जो आज तक हरियाणा में किसी विधानसभा क्षेत्र न हुई हो। टेकचंद शर्मा ने कहा कि वर्ष 2014 से 2019 के बीच उन्होंने भाजपा के साथ मिलकर इस क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य करवाए, लेकिन 2019 में टिकट न मिलने के चलते और समर्थकों के आह्वान पर पार्टी से वफादारी करते हुए चुनाव नहीं लड़े, लेकिन इस बार पृथला क्षेत्र की जनता ने उन्हें स्नेह रूपी आर्शीवाद दिया और चुनाव लड़ने का आदेश दिया। भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाया है। पंडित टेकचंद शर्मा ने कहा कि अगर क्षेत्र की जनता ने उन्हें विजयी बनाकर चंडीगढ़ भेजा तो जो पृथला क्षेत्र विकास की पटरी से उतर गया था, वह एक्सप्रेसवे की तरह विकास की धुरी से जुड़ेगा। उन्होंने कहा कि 2024 से 2029 तक एक मिशन के तहत क्षेत्र का विकास करेंगे और 20 प्वाइंट सेट करके क्षेत्र को एशिया ही नहीं अपितु विश्व स्तर पर पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट पर हमें कट मिल रहा है, लेकिन उसका फायदा तब तक नहीं होगा, जब तक यह क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र घोषित न हो जाए, इसे औद्योगिक क्षेत्र घोषित करवाना उनकी प्राथमिकता होगी। इसके अलावा पृथला क्षेत्र दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेसवे, ताज एक्सप्रेसवे, केजीपी आदि से जुड़ा है इसलिए यहां इंटरनेशनल स्टेडियम बनवाना, मोहला से कैली बाईपास बनवाना, नर्सिंग डिग्री कालेज चालू करवाना, आईएमटी से लेकर मच्छगर, मुजेडी, चंदावली बाईपास रोड बनवाना उनकी प्राथमिकता में शुमार रहेगा।

# कैबिनेट मंत्री भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा शुक्रवार को भरेंगे नामांकन



समाचार गेट/कविता

बल्लभगढ़। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा शुक्रवार को दोपहर 12.30 बजे बल्लभगढ़ के लघु सचिवालय में नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। बल्लभगढ़ सेक्टर 2 कार्यालय में पहले सुबह 9 बजे हवन का आयोजन किया जाएगा। उसके बाद पूरे दल-बल के साथ सभी कार्यकताओं और शहरवासियों के साथ बल्लभगढ़ के मेन बाजार होते हुए पैदल यात्रा के माध्यम से लघु सचिवालय बल्लभगढ़ पहुंचकर नामांकन भरेंगे। भाजपा प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा सुबह मुजेसर गांव स्थित सिद्ध पीठ बाबा हृदय राम मंदिर पहुंचे। टिकट मिलने के बाद दिन की शुरुआत बाबा हृदय राम मंदिर में माता टेक आशीर्वाद के साथ की। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा का जोरदार स्वागत मुजेसर गांव में किया गया और उन्हें अपना समर्थन दिया। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा हमेशा की तरह टिकट मिलने के बाद इसी दिव्य धाम से दर्शन कर चुनावी कार्यक्रम की शुरुआत करते हैं। उन्होंने कहा बाबा के आशीर्वाद से हरियाणा में तीसरी बार कमल का फूल खिलेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने जा रही है।

भाजपा प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने विरोधियों पर तंज भी कसा उन्होंने कहा कि विपक्षियों ने पिछले लोकसभा चुनाव में अपने अपने तरकश के सभी तीर चला लिए लेकिन बाबा ने भाजपा का मजबूती से साथ दिया और हरियाणा में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा विपक्ष की पहले भी हरियाणा में नहीं थी हवा और आज भी नहीं है कोई हवा। इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री कार्यालय पहुंचे। बल्लभगढ़ की देव तुल्य जनता और समर्थकों के बीच पहुंचकर मूलचंद शर्मा का ढोल बाजे और पटाखों के साथ कार्यकताओं ने कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा का जोरदार स्वागत किया।

# गुरू बिना ज्ञान नहीं, गुरू बिना सम्मान नहीं गुरू ही हमें बनाते महान उनके बिना हमारा नहीं कोई मान: बंडारू दत्तात्रेय

**समाचार गेट/ निकिता माधोगढ़िया**



**रेवाड़ी।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के तृतीय दीक्षांत समारोह में पदक व उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों व शोधार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ह्यह्यगुरू बिना ज्ञान नहीं, गुरू बिना सम्मान नहीं, गुरू ही हमें बनाते महान उनके बिना हमारा नहीं कोई मान।ह्यह्य

उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमारे जीवन में शिक्षकों का क्या महत्व है। शिक्षक न केवल हमें पढ़ाते हैं, बल्कि हमें जीवन के सही मार्ग पर चलना भी सिखाते हैं। सही और गलत का भेद सिखाते हैं। एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में हमारा मार्गदर्शन करते हैं। एक अच्छा शिक्षक अपने छात्रों में न केवल ज्ञान का बीज बोता है, बल्कि उन्हें जीवन के हर पहलू में सफल बनने के लिए तैयार करता है। इसलिए जीवन में शिक्षा और शिक्षक दोनों का ही महत्व कहीं अधिक है।

आज का यह दिन निश्चित रूप से विद्यार्थियों के जीवन का सबसे यादगार पल रहेगा क्योंकि आज उन्हें उनके परिश्रम का फल इन उपाधियां एवं पदकों के रूप में मिल रहा है। आज इस दीक्षांत समारोह में 08 शोधकताओं को पीएचडी की उपाधि, 97 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं विभिन्न सकायों के विभागों के लगभग 1000 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधियां प्रदान की गई। सभी उपाधि एवं पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में छात्राओं की संख्या छात्रों के मुकाबले कहीं अधिक रही, जोकि बहुत ही प्रसंशनीय है।

उन्होंने आधुनिक तकनीक से पढ़ते हुए नए शोध कार्यों को करने के लिए सभी से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रोजगार लेने की जगह रोजगार देने वाले बनो। उच्च शिक्षा पाकर, जीवन में सफल होकर अपने माता-पिता एवं गुरुओं का नाम रोशन करें। आप सभी शिक्षा के अपने-अपने रुचि के क्षेत्र में सफलता हासिल करें।

कार्यक्रम से पहले राज्यपाल महोदय को गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए शिखर मंडल की शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय के कर कमलों द्वारा भगिनी निवेदिता महिला छात्रावास का उद्घाटन व दीक्षांत समारोह की स्मारिका का भी विमोचन किया गया।

कुलपति प्रो. जे.पी. यादव और कुलसचिव प्रो. प्रमोद कुमार द्वारा कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय को पीतल नगरी रेवाड़ी की प्रसिद्ध श्री राधा-कृष्ण प्रतिमा प्रतीक चिन्ह एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया।

कुलसचिव प्रो. प्रमोद कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। कुलपति प्रो. जे.पी. यादव ने मंच से विश्वविद्यालय के विकसित कार्यों की रिपोर्ट प्रेषित की।

प्रो. जे.पी. यादव ने कहा कि विभिन्न शोध कार्यों में विश्वविद्यालय नई तकनीकों का उपयोग कर रहा है एवं उन्होंने बताया की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत सभी संकायों के पाठ्यक्रमों को लागू कर दिया गया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. वी.पी. यादव अध्यक्ष हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के कुलपति प्रोफेसर राजबीर सिंह, गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार, वाईएमसीए विश्वविद्यालय फरीदाबाद के कुलपति प्रोफेसर एस.के. तोमर, श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय पलवल के कुलपति प्रोफेसर राज नेहरू, डॉ. ममता यादव हरियाणा लोक सेवा आयोग की सदस्य, डॉ. एस.एस. यादव निदेशक मीरपुर कैंसर अस्पताल एवं रेवाड़ी के डीसी अभिषेक मीणा एवं गौरव राजपुरोहित पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे।

## होडल में अलग-अलग मामलों में हजारों रुपए की कीमत की अवैध शराब सहित तस्कर आरोपी धरे।



**समाचार गेट हरिओम भारद्वाज**

पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार चंद्र मोहन, पुलिस अधीक्षक पलवल के कुशल नेतृत्व में विधानसभा चुनाव मध्यनजर जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान शराब तस्करी पर प्रहार करते हुए अवैध शराब तस्करों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत थाना होडल प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार की टीम ने थाना क्षेत्र से वार्ड नंबर 8 आदर्श बस्ती होडल निवासी आरोपी कन्हैयालाल को 12 बोतल देशी सहित काबू किया। इसी प्रकार होडल थाना टीम ने दूसरे मामले में रोहता पट्टी होडल निवासी आरोपी मनजीत को 54 पव्वा शराब मस्ताना देशी सहित काबू किया। वहीं तीसरे मामले में थाना हसनपुर में तैनात उप निरीक्षक तेजपाल सिंह की टीम ने ओल्ड बस स्टैंड हसनपुर से आरोपी मोहन श्याम निवासी हसनपुर को 6 बोतल देशी शराब मस्ताना सहित काबू किया वही एक और मामले में मुंडकटी थाना पुलिस ने गांव औरंगाबाद निवासी आरोपी चन्दर तस्कर को 38 पव्वा एवं 5 अद्धा देसी शराब सहित काबू किया। उपरोक्त मामलों में आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

## शिक्षक बनकर विद्यार्थियों ने बच्चों को पढाया

**शिक्षक बनकर विद्यार्थियों ने गुरु- शिष्य परंपरा को आत्मसात किया**



**समाचार गेट हरिओम भारद्वाज**

राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर शहीद रामवीर सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा में विद्यार्थियों ने शिक्षक बनकर बच्चों को पढाकर शिक्षक के अनुभवों को जाना। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रोग्राम इंचार्ज डीओसी योगेश सौरोत ने बताया भारत के द्वितीय राष्ट्रपति तथा भारत रत्न से सम्मानित प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए विद्यार्थियों द्वारा सर्वप्रथम अपने गुरु जनों को स्मृति चिन्ह देकर शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी गई तथा शिक्षक की अनुभूति को आत्मसात करते हुए कक्षा शिक्षण की प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें बेस्ट छात्रा शिक्षिका का अवार्ड सुषमा तथा नीलम को दिया गया। इस अवसर पर कुसुम तथा प्रिया ने प्रिंसिपल तथा वाइस प्रिंसिपल की भूमिका का निर्वहन किया जबकि रिया, प्रियंका, खुशबू, मधुबाला, क्षमा, करिश्मा, अंजलि, सोनम, वंदना, नीलम व सुषमा ने शिक्षिका की भूमिका निभाई। निर्णायक मंडल की भूमिका रामगोपाल, राजकुमार, जोगिंदर पोसवाल, मानसिंह, रामेश्वर, श्रीकृष्ण, युद्धवीर, देवेंद्र, करतार व जसराम द्वारा निभाई गई।

## खर्च पर्यवेक्षक राहुल रघुनाथ पाटिल ने नूंह में किया ज्वाइन



**(अनिल मोहनिया नूंह)**

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से भारतीय रेल लेखा सेवा के अधिकारी राहुल रघुनाथ पाटिल को जिला नूंह में खर्च पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। खर्च पर्यवेक्षक राहुल रघुनाथ पाटिल ने आज जिला नूंह में ज्वाइन कर लिया है। उन्होंने ज्वाइनिंग के बाद चुनाव खर्च के मूल्यांकन के लिए नियुक्त सहायक खर्च पर्यवेक्षक एवं अकाउंटिंग टीम के सदस्यों की बैठक ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी राजनीतिक दलों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के चुनावी खर्च पर कड़ी निगरानी रखें तथा प्रतिदिन के उनके खर्च की पूर्ण रिपोर्ट का लेखा-जोखा उनके खाते में दर्ज करें।

उन्होंने बताया कि उनका मोबाइल नंबर 98966-39365 है तथा ई-मेल पता exp.observernuh2024@gmail.com है। खर्च कमेटी के सदस्य व चुनाव उम्मीदवार अपने चुनावी खर्च के किसी भी तरह के संशय को दूर करने के लिए उनसे संपर्क कर सकते हैं। जिला नूंह में उनका कार्यालय सर्कट हाउस नूंह में है। खर्च संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत भी उन्हें ई-मेल या व्हाट्सएप नंबर से की जा सकती है।

## होडल, जननायक जनता पार्टी के होडल विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी सतबीर तंवर ने प्रैस वार्ता



**समाचार गेट हरिओम भारद्वाज**

**होडल,** जननायक जनता पार्टी के होडल विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी सतबीर तंवर ने कहा कि क्षेत्र के किसी भी विधायक ने अब तक क्षेत्र के विकास के लिए कोई काम नहीं किया है। उक्त दोनों नेता आपस में ही सांठगांठ कर विधायक बनते रहे हैं, लेकिन किसी ने भी क्षेत्र का विकास नहीं किया है। सतबीर तंवर बृहस्पतिवार को गोडोता चौक स्थित कार्यालय पर पत्रकार वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उनके साथ जजपा के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सौरोत,हल्का अध्यक्ष हेमराज सौरोत,जिला प्रवक्ता विजय सौरोत,हरदेव चौहान,नरवीर सौरोत, भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष राजगुरु, आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष नकुल, जिला प्रभारी नेमचन्द,सचिव धर्मेंद्र,रविन्द्र,महासचिव गौरव,उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश आदि मौजूद थे। इस अवसर पर जजपा प्रत्याशी सतबीर तंवर ने कहा कि होडल विधानसभा क्षेत्र की जनता ने उन्हें आशीर्वाद और मौका दिया तो वह क्षेत्र की दिशा और दशा बदलने का काम करेंगे। क्षेत्र में लडकियों के लिए बडे कालेज, बस स्टैंड, बडा हास्पीटल,अच्छी शिक्षा और आम व्यक्ति को अच्छी स्वास्थ सुविधा दिलाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान और पिछले विधायक पिछले लगभग 40 वर्षों से एक दूसरे के साथ मिलकर क्षेत्र की जनता के मुद्दों के साथ खिलवाड करते आ रहे हैं। क्षेत्र की जनता अब उक्त दोनों चेहरों को छोडकर किसी नए चेहरे को देखना चाहती है। अगर क्षेत्र की जनता ने वोट रूपी आशीर्वाद देकर उन्हें मौका दिया तो वह जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। इस अवसर पर जजपा के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सौरोत ने कहा कि जजपा और एएसपी पार्टी के गठबंधन उम्मीदवार के तौर पर सतबीर तंवर को टिकट दिया है। तंवर हमारी पार्टी के निष्ठावान और कर्मठ कार्यकर्ता हैं। जो दिन रात पार्टी के लिए काम में जुटे रहते हैं। पार्टी द्वारा सतबीर तंवर को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसके लिए हम सभी को जिताने में सहयोग करना है। सौरोत ने कहा कि जजपा और भाजपा गठबंधन टूटने का मुख्य कारण बुढापा पैंशन रही है। पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने चुनावों के दौरान 51 सौ रुपए बुढापा पैंशन देने का वायदा किया था। उक्त वायदे को पूरा कराने का प्रयास लगातार करते रहे, जिसका नतीजा यह रहा कि सरकार ने 31 सौ रुपए बुढापा पैंशन की। इसी प्रकार किसानों की फसल ब्रिकी का भुगतान जो पहले कई कई महीनों तक नहीं मिलती थी, अब वहमात्र 48 से 72 घंटे में मिलना शुरू हो गया। जजपा के घोषणा पत्र में महिलाओं के लिए डिपो होल्डरों को 33 प्रतिशत आरक्षण का वायदा पूरा किया गया। दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को प्राईवेट सैक्टर में 75 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव पास कराने का काम किया। महिलाओं को राजनीति में 50 प्रतिशत आरक्षण को भी लागू कराने में पार्टी सफल रही। उन्होंने होडल विधानसभा क्षेत्र की जनता से जजपा प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील की।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधियां की जाएं तेज- अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक।

**(अनिल मोहनियां नूंह)**



अतिरिक्त उपायुक्त एवं विधानसभा चुनाव में स्वीप गतिविधि के नोडल अधिकारी प्रदीप सिंह मलिक ने कहा कि जिला के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्येक मतदाता की चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन के महत्वपूर्ण सभी विभाग अधिक से अधिक मतदाता जागरुकता गतिविधियां आयोजित करें तथा आगामी 5 अक्टूबर को वोट जरूर डालने बारे मतदाताओं को जागरूक करें।

प्रदीप सिंह मलिक अपने कार्यालय में स्वीप गतिविधियों में तेजी लाने के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र बनाने में मतदाताओं की बड़ी भूमिका है। मतदाताओं को वोट के अधिकार को समझना चाहिए तथा चुनाव में अपने मत का अवश्य प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग बच्चों की जागरुकता रैली, ह्यूमैन चैन, राहगीरी, स्कूलों, गांवों व कार्यालयों में मतदाता शपथ आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। जिला में चुनाव कार्यालय से मिलना वाला स्वीप मैटिरियल का वितरण अच्छी प्रकार से हो और इसे विभिन्न स्थानों पर चस्पा भी किया जाए, ताकि 5 अक्टूबर को चुनाव के दिन लोग बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लें। स्पोर्ट्स विभाग मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए खेल गतिविधियां आयोजित करें तथा प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रमों में भी खिलाड़ियों व युवाओं को मतदान करने के प्रति जागरूक किया जाए। गांवों में युवा क्लबों के माध्यम से भी चुनाव की तिथि का प्रचार करने व वोट जरूर डालने बारे जागरूक करें। एचएसआरएलएम द्वारा स्वयं सहायता समूहों, ग्राम संगठनों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में मतदान के अधिकार के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए।

महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग भी स्वीप गतिविधियां तेज कर लोगों को जागरूक करें। इस अवसर पर एसीयूटी अनिरूद्ध यादव, एफएलएन को-आर्डिनेटर कुसुम मलिक व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा सूची में होडल का नाम होने से विधायक सर्मथकों में भाजपा नेतृत्व व केंद्रीय राज्यमंत्री के खिलाफ बना रोष

**समाचार गेट हरिओम भारद्वाज**



**होडल।** प्रदेश में विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा बुधवार की देर सांय सिंबल पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी जिसमें पलवल के विधायक दीपक मंगला की टिकट काट दी गई ।जबकि भाजपा नेतृत्व द्वारा हथीन होडल से उम्मीदवारों की सूची को रोक दिया गया।सूची में होडल उम्मीदवार के नाम की घोषणा नही होने से भाजपा विधायक जगदीश नायर के समर्थक भारी संख्या में विधायक के आवास पर पहुंच गए । समर्थकों ने पार्टी नेतृत्व व केंद्रीय राज्यमंत्री पर विपक्षी दल को फायदा पहुंचने का आरोप लगाया।समर्थको ने महापंचायत कर विधायक पर फैसला लेने का दवाब बनाना शुरू कर दिया।दरसल,भाजपा द्वारा विधानसभा चुनावों में चुनाव लड़ने वाले अपने उम्मीदवारों की सूची बुधवार की सांय जारी कर दी इस सूची में प्रदेश के डेढ़ दर्जन मंत्री व विधायकों के टिकट काट दिए जिसमे जिले के भाजपा के पुराने कार्यकर्ता व निर्वतमान विधायक दीपक मंगला का नाम भी शामिल है। पलवल के विधायक का नाम सूची से कटने के बाद होडल विधायक जगदीश नायर के समर्थक गुरुवार को हजारों की संख्या में उसके आवास पर पहुंच गए।कार्यकताओं के बीच बोलते हुए लोगों ने भाजपा नेतृत्व व केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर पर आरोप प्रत्यारोप की बौछार शुरू कर दी और सूची से होडल नाम की घोषणा नही होने देने का ठीकरा उनके सर पर फोड़ दिया। समर्थकों ने कहा कि यदि पार्टी नेतृत्व ने दो दिन में सूची जारी नही की तो 8 सितंबर को नेशनल हाईवे गौढोता पर बड़ी महापंचायत का आयोजन कर फैसला लेने की घोषणा कर दी।वंही विधायक जगदीश नायर कहा कि पार्टी नेतृत्व उनके साथ है और प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार होगी । बाद में विधायक नायर ने समर्थकों को समझाकर कर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के पास ले गए।

# रेवाड़ी व कोसली सीट पर भाजपा नेताओं की बगावत शुरू

**समाचार गेट/ निकिता माधोगढ़िया**

**रेवाड़ी।** भारतीय जनता पार्टी ने जैसे ही रेवाड़ी व कोसली प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की वहीं से बगावत शुरू हो गई। बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव के रिश्ते में जीजा लगने वाले सुनील राव ने भी बीजेपी को अलविदा कह दिया है व उन्होंने हरियाणा चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य सहित अन्य विभिन्न पदों की जिम्मेदारी से त्यागपत्र दे दिया है। सुनील राव कोसली सीट से टिकट के दावेदार थे लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला। इसी प्रकार रेवाड़ी से टिकट के दावेदार परिवार पहचान पत्र स्टेट कोर्डिनेटर डॉक्टर सतीश खोला और युवा नेता प्रशांत सन्नी यादव ने भी पार्टी छोड़ दी है। दोनों नेताओं ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। सन्नी यादव ने तो यहां तक कह दिया कि उनकी टिकट किसने कटवाई है वह उसे व्यक्ति को खोजने में लगे हुए हैं। जल्द ही उस व्यक्ति का पदार्फाश किया जाएगा। इसी प्रकार डॉक्टर सतीश खोला जो परिवार पहचान पत्र के कोऑर्डिनेटर थे उन्होंने कहा कि मैंने पार्टी में सबसे ज्यादा मेहनत की है। मैंने पार्टी में परिवार पहचाना पत्र में उन गलतियों को ठीक करने का बीड़ा उठाया था जिसको मंत्री, विधायक व पार्टी ठीक करने में नाकामयाब रहे। परिवार पहचान पत्र में जितनी भारी कमियां थी उनको ठीक करने की कोशिश करते हुए एक लाख से ऊपर लोगों के राशन कार्ड और परिवार पहचान पत्र ठीक करवाए मगर पार्टी ने मेरी वफादारी को नजर अंदाज कर दिया व कोसली के विधायक को टिकट दे दी। दोनों नेताओं ने कहा कि यदि कोसली का विधायक इतना ही बढ़िया होता तो कोसली के लोग उनकी टिकट की मांग करते व पार्टी उनको रेवाड़ी विधानसभा में नहीं लाती। अब भाजपा में बुरी तरह से बगावत शुरू हो गई है। इधर टिकट की आस में बैठे पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास, पूर्व में चुनाव लड़ चुके सुनील मूसेपुर व पूर्व जिला प्रमुख एडवोकेट सतीश यादव एडवोकेट ने भी बगावत शुरू कर दी है। अब लक्ष्मण सिंह यादव के लिए रेवाड़ी का मुकाबला बहुत ही टाइट हो गया है। यह सीट इन बगावती शुरू के बीच में फस्ती नजर आ रही है और इसका सीधा लाभ विधायक चिरंजीव राव को मिलता दिखाई दे रहा है जो भाजपा के लिए काफी नुकसानदेह होगा। इसी प्रकार कोसली की सीट में भी भाजपा नेताओं में असंतोष होने से वहां के भी हालत खराब हो चुके हैं। इधर बावल की सीट भी फांसी हुई है, जिसको लेकर पार्टी घोषणा नहीं कर पा रही है व मंथन में लगी हुई है। अब पार्टी के लिए यह बड़ा मुश्किल दौर चल रहा है कि वह राव की माने या पार्टी के पदाधिकारी की माने। मंत्री डॉ बनवारी लाल बहुत ही कद्दावर नेता है जिन्होंने 10 साल अपना मंत्रिमंडल का कार्यकाल पूरा किया है मगर पार्टी पर उनकी टिकट कटवाने की दबाव की राजनीति की कहानी चल रही है या कुछ और, उनकी भी टिकट संशय में है। यहां कुछ भी कहना उचित नहीं है क्योंकि बीजेपी के उम्मीदवारों में असंतोष बढ़ता ही जा रहा है जो कांग्रेस के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। चिरंजीव राव को इसलिए लाभ मिल सकता है क्योंकि चिरंजीव राव अकेले ही मैदान में उम्मीदवार थे। कांग्रेस से उनको ही टिकट मिलने की प्रबल संभावना है क्योंकि उनके अलावा किसीने भी अपनी दावेदारी मजबूती से नहीं जताई थी व लाल यादव के दामाद में हैं तथा कद्दावर नेता कैप्टन अजय सिंह यादव के बेटे हैं। कांग्रेस की वोट बंधी हुई है व भाजपा बिखराव की स्थिति में है। इसलिए इसका सीधा लाभ चिरंजीव राव को मिलता दिखाई दे रहा है। अब यह तो समय ही बताया कि रेवाड़ी व कोसली में सत्ता का ताज किसके सर सजेगा।



# बरसात ने दिखाई स्मार्ट सिटी में हुए विकास कार्यों की हकीकत



नेशनल हाईवे पर जमा बरसाती पानी में फंसे वाहन चालक: फोटो-ओमप्रकाश पंचाल

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** पिछले तीन दिनों से रूक रूक कर हो रही बरसात ने जहां शहर के लोगों को गर्मी और उमस से काफी हद तक राहत देने का काम किया हैं, वहीं नगर निगम द्वारा बिना योजना के करवाए गए विकास कार्यो को धो कर रख दिया है। यूं कहे तो बरसात ने निगमायु को स्मार्ट सिटी की वास्तविक हकीकत दिखाने का काम किया है। नगर निगम ने शहर की सडकों और नालों पर करोड़ों रुपये खर्च किये हैं। लेकिन बिना योजना और लापरवाही से किये गए कामों की वजह से कहीं भी पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। जिसके कारण शहर की ज्यादातर सड़क बरसात आते ही पूरी तरह जलमग्न होकर रह जाती हैं। जिससे जहां सड़कों पर लोगों को जाम का सामने करना पड़ रहा हैं, वहीं ज्यादा जलभराव से लोगों के वाहन भी फंस रहे हैं। निगमायु के सामने इस तरह की ढेरों समस्याएं किसी चुनौती से कम नहीं है। लेकिन इसके साथ ही उन्हें नगर निगम में होने वाले घोटालों पर भी नजर रखनी पड़ेगी। वहीं नेशनल हाइवें का भी बुरा हाल है, जगह जगह पानी भरने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हाइवें पर भी बरसाती पानी निकालने के कोई प्रबंध नहीं है, जिस कारण कई बार टैंकरों से पानी निकालने को मजबूर होना पड़ता है।



एनआईटी-86 विधानसभा में भरा सीवरेज का गंदा पानी: फोटो-ओमप्रकाश पंचाल

## बरसात से बाढ़ जैसी स्थिति:

शहर की अनेक सडके टूटी हुई हैं, सीवर लाइनें ओवरफ्लो हैं, सफाई के अभाव में नाले गंदगी से अटे पड़े हैं। करोड़ों रुपये की लागत बनाए गए रेन वॉटर हार्वेसिटंग सिस्टम ठप पड़े हैं। निगम द्वारा विकास के नाम पर करवाए गए विनाश और लोगों के द्वारा किये गए अतिक्रमण के कारण सभी सड़कों पर बरसाती पानी बह रहा हैं। शहर के सभी पॉश सेक्टर, रिहायशी कालोनियां, औद्योगिक क्षेत्र, ग्रेटर फरीदाबाद की विभिन्न सडक और राष्ट्रीय राजमार्ग पर बरसात का पानी बह रहा है। नगर निगम और संबंधित विभागों की लापरवाही के कारण शहर में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। इससे जूझते हुए शहर के लोगों को सडकों से गुजरना पड़ता है। मंगलवार रात, बुधवार और बृहस्पतिवार की शाम को हुई बरसात ने शहर की दशा को पूरी तरह बिगाड़ कर रख दी है।

## अतिक्रमण है प्रमुख कारण

शहर में सीवर ओवरफ्लो और जलभराव के लिए अवैध निर्माण को भी काफी हद तक जिम्मेदार माना जा सकता है। क्योंकि एनआइटी इलाके में नियमों को ताक पर रखकर भारी संख्या में चार से छह मंजिला फ्लैट बन चुके हैं। जिससे वर्षो पहले डाली गई सीवर लाइनों पर लोड बढ़ गया है। सीवर के पानी की निकासी के लिए निगम द्वारा बनाए गए डिस्पोजल पंप आए दिन खराब होने से बंद पड़े रहते हैं। इसके अलावा शहर में लोगों द्वारा किया गया अतिक्रमण भी जलभराव का बड़ा कारण है। शहर के ज्यादातर इलाकों में लोगों ने नालों पर कब्जा किया हुआ हैं। वहीं अपने दरवाजे से सडक तक पक्के रैम्प बनाए हुए हैं। जिससे बरसाती पानी को नालों में जाने की जगह ही नहीं मिलती। निगम की लापरवाही से शहर में बड़े पैमाने पर लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है।

## शहर में जल निकासी ठप:

निगम के अधिकारी द्वारा आम जनता की सुविधा के लिए नहीं बल्कि अपने फायदे के लिए विकास कार्यो करवाए जाते हैं। सडक निर्माण के दौरान लेबल का कहीं पर ध्यान नहीं दिया जाता है। जिसके कारण सड़कों पर जगह जगह पानी भर जाता है। करोड़ों रुपये की लागत से बनी सेक्टर 23-24 की मैन रोड इसका जीता जागता उदाहरण है। हाल ही में दो चार सालों में शहर में नालों के निर्माण पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं। लेकिन इनमें कई नालों को तो कनेक्ट ही नहीं किया गया। वहीं कई स्थानों पर नाले सडकों से ऊंचे बनाए गए हैं। जिसके कारण बरसाती पानी नालों में जाने की बजाए सड़कों पर ही बहता रहता है। शहर में पुराने नाले सफाई के अभाव में बुरी तरह गाद से भरे हुए हैं। सीवर लाइनों की हालत पहले ही किसी से छिपी नहीं है।

# सेंट कोलंबस स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस का समारोह



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** सेंट कोलंबस स्कूल के प्रांगण में शिक्षक दिवस का समारोह बड़े ही जोश और उमंग के साथ मनाया गया। विद्यार्थी बहुत ही उत्साहित दिखाई दे रहे थे। प्रधानाचार्य ने शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्रों को संदेश दिया। इस अवसर पर कक्षा प्रथम की छात्रा अंशिका ने इंगलिश में बहुत ही सुंदर कविता सुनाई। कक्षा चतुर्थ के छात्र यथार्थ राज ने अपनी कविता में गुरु की महिमा का बखान किया। नवीं कक्षा की संस्कृति सिंह ने शिक्षक दिवस पर इंग्लिश में भाषण दिया। शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले छात्रों को उनकी जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। विद्यालय के छात्र कार्तिक बाबू ने अध्यक्ष की भूमिका निभाई तथा छात्रा अक्षरा राणा ने निदेशक की भूमिका निभाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस शुभ अवसर पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अध्यक्ष ऋषि चौधरी एवं निदेशिका संगीता भाटी ने शिक्षकों को उनके कुशल प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया। सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का पुरस्कार सीनियर विंग से सविता शेरोन, मिडिल विंग से पूनम शर्मा और जूनियर विंग से मोहन शर्मा और सब जूनियर विंग से अनुपा कौल को दिया गया। इस शुभ अवसर पर अध्यक्ष ऋषि चौधरी ने राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और शिक्षकों की कड़ी मेहनत एवं लगन से कार्य करने एवं बच्चों को श्रेष्ठ नागरिक बनाने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के मधुर गायन के साथ हुआ।

# शिक्षक दिवस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने अध्यापकों को किया सम्मानित



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** शिक्षक दिवस के अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अजीत सिंह श्योराण व खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह, बीआरसी कमल चौधरी, प्रधानाचार्य सतेन्द्र सौरोत एवं मुख्याध्यापक समर देशवाल, उदयवीर गिल, ओर रविकांत गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला शिक्षा अधिकारी का पगड़ी बांधकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अजीत सिंह श्योराण ने कहा कि शिक्षक समाज के लिए आदर्श है। खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह ने भी कहा की शिक्षक एक दीपक की तरह है। मंच संचालन देवेन्द्र गौड़ ने किया। इस अवसर पर 50 अध्यापको को बैस्ट टीचर अवार्ड का प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य सीमा गौतम, पूनम तिरखा,रेनू चौधरी, रविकांत गुप्ता,बीआरपी कुलदीप, सुरेन्द्र राठी, योगेश राठी, प्रवीण कर्दम, बीरबाला, सुनीता कर्दम, सन्तसिहं हुड्डा, रोहित, कृष्ण कुमार, बलवीर सिंह, भारती तेवतिया, स्वाति, को सम्मानित किया गया।

# सूरजकुंड स्कूल में पूर्ण हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** दयालबाग स्थित सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल में भारत के उपराष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में पूर्ण उत्साह के साथ मनाया गया। इस दिन की शुरूआत शिक्षकों के प्रति सहयोग को बढ़ावा देने और भविष्य की पीढ़ियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शिक्षकों के महत्व के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से की गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल के मुख्य निदेशक एवं वरिष्ठ अधिवा सत्येंद्र भड़ाना व स्कूल की प्रधानाचार्या शुभ्रता सिंह ने दीप प्रज्वलित किया एवं महान शिक्षाविद व देश के द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया। तत्पात सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं नतमस्तक होकर उनके निस्वार्थ त्याग एवं योगदान को याद किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा बारहवीं की छात्राओं श्रेया राय व तेजस्विनी तोमर के द्वारा किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। छात्रों ने अपने शिक्षकों को टाइटल दिया और उनके लिए मनोरंजक खेलों की व्यवस्था की। छात्र-छात्राओं ने गुरु- शिष्य की परंपरा को कायम रखते हुए सभी शिक्षकों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

# विधायक राजेश नागर को समर्थन देने पहुंचे क्षेत्र के लोग

## विधायक बोले, पहले की तरह आपकी सेवा करता रहूंगा



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर को फिर तिगांव विधानसभा का प्रत्याशी बनाए जाने पर क्षेत्र की जनता बड़ी संख्या में शुभकामनाएं देने पहुंची। यह अवसर पर नागर ने कहा कि मैं पहले की तरह आपकी सेवा करता रहूंगा। आप हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने के लिए अपना वोट दें। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि हमारे नेतृत्व ने मुझ पर फिर से भरोसा जताकर क्षेत्र की जनता की भावनाओं का सम्मान किया है इसके लिए मैं हमेशा उनका ऋणी रहूंगा। भाजपा की उम्मीदवारी मिलने पर विधायक राजेश नागर के निवास पर विधानसभा क्षेत्र के पंच , सरपंच, पार्षद , मेंबर और क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर बधाई दी और पूर्ण समर्थन देने का वादा किया। इसके साथ-साथ क्षेत्र के लोगों ने विधायक राजेश नागर को जीत की अग्रिम बधाई भी दी। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनाई है। उसी प्रकार हरियाणा में डबल इंजन की तीसरी बार सरकार बनाकर विकास की रफ्तार को रुकने ना दें। नागर ने कहा कि भाजपा ने खुले मन से हर वर्ग के विकास के लिए काम किया है। हमारी सरकार में बिना पर्ची बिना खर्ची के नौकरिया लगी हैं। जबकि अन्य दल इस बात से मायूस महसूस करते हैं कि उनकी लूट खत्म हो गई है। मुझे सुनने में आया है कि अन्य दलों के नेता लोगों को वोट के बदले नौकरी पाओ का लालच दे रहे हैं। जबकि यह सीधे-सीधे गरीब के योग्य बच्चों के भविष्य पर चोट होगी। भाजपा सभी को योग्यता के आधार पर नौकरियों और अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक राजेश नागर ने कहा कि हमने तिगांव में सैकड़ो करोड रुपए के विकास करवाए हैं, जो आपके सामने हैं। हम अपनी तीसरी पारी में इससे भी ज्यादा विकास करवाएंगे। मुझे बस आप लोगों का सहयोग चाहिए।

# जीवा पब्लिक स्कूल में परंपरागत ढंग से मनाया गया शिक्षक दिवस



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** सेक्टर 21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में अध्यापक दिवस परंपरागत एवं शिक्षाप्रद ढंग से मनाया गया। छात्रों ने अपने सभी अध्यापकों को सम्मानित किया व सबका तिलक एवं फूलों से स्वागत किया। विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया गया, क्योंकि उन्ही के जन्मदिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर छात्रों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। ग्यारहवीं कक्षा के छात्र हर्षित ने एक सुंदर गीत प्रस्तुत किया, दसवीं कक्षा की दीविजा ने कविता प्रस्तुत की, छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किया।

प्राइमरी कक्षा के छात्रों ने भी बड़े ही सुंदर ढंग से शिक्षक दिवस के अवसर पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत की। बच्चों ने गीत एवं नृत्य दोनों प्रस्तुत किए बच्चों ने लघु नाटिका के माध्यम से अध्यपकों के परिश्रम के प्रत्येक पक्ष के विषय में बताया। छात्रों ने अपने लक्ष्य भी बताए व उनको पूर्ण करने के लिए अपने अपने तरीके भी बताए। बारहवीं कक्षा के छात्र अध्यापक बने और उन्होंने बहुत सुंदर ढंग बच्चों को क्रियाकलापों के माध्यम से बच्चों को पढ़ाया। अध्यापकों ने भी इस दिन बड़े सुंदर प्रस्तुति दी, विद्यालय में अध्यापिकाओं ने स्वरचित कविता प्रस्तुत किए, गीत सुनाए, नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के लीडर ऑफ स्ट्रैटेजिक प्रोजेक्ट एट जीवा लर्निंग जयवीर सिंह ने अध्यापकों को विशेष सत्र के माध्यम से अनेक आवश्यक एवं कुशल अध्यापक के विषय में जानकारी दी उन्होंने आज के परिदृश्य में अध्यापकों को नवीन पद्धति एवं कौशल के विषय में भी जानकारी दी।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान एवं उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान ने भी सभी अध्यापकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी एवं सबके उज्ज्वल भविष्य की कामना की, ऋषिपाल चौहान ने कहा कि गुरु राष्ट्र का निर्माण करते हैं, वे छात्रों को समझाते हैं कि उन्हें जीवन में क्या करना है। इसलिए अध्यापकों को आदर्श रूप अपनाना चाहिए और अपने जीवन में सत्य एवं कर्मठता को अपनाना चाहिए एवं अपने छात्रों को भी सदमार्ग पर चलना सिखाना चाहिए।

विद्यालय की एकेडमिक एंड एक्सिलेंस हेड सचदेव एवं प्रमुख संयोजिका मिनी जोसेफ ने भी सबको शुभकामनाएं दी।

# गाड़ी में शराब तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** थाना सेक्टर 58 की टीम ने अवैध शराब के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम ललित है जो आदर्श नगर का रहने वाला है जिसे थाने की पुलिस टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से स्विफ्ट गाड़ी में अवैध शराब ले जाते हुए झाड़सेतली गांव से काबू किया था। आरोपी के कब्जे से मौके पर 10 पेटी देशी शराब मस्ताना की बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 58 में शराब तस्करी करने की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह पास के ठेके से फुटकर में शराब खरीद कर, मुनाफा कमाने के लालच में अवैध शराब बेचने का काम करता है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ इससे पहले भी शराब तस्करी के पांच मुकदमे दर्ज हैं और वह जेल भी जा चुका हैं। पुलिस पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

# डॉ. आरएन सिंह हुए शिक्षा गौरव सम्मान से अलंकृत



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** यमुना रक्षक दल के तत्वावधान में मंगलम गार्डन में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर फूल माला अर्पित कर उनके जीवन पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर शिक्षा, समाज सेवा एवं उत्कृष्ट पर्यावरणीय योगदान के लिए यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.आर एन सिंह को शिक्षा गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। डॉ.आर एन सिंह को यह सम्मान पद्मश्री ब्राह्मदत्त भाटी, फरीदाबाद के प्रथम महापौर सूबेदार सुमन, यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय सचिव पंडित रमाकांत तिवारी, यमुना रक्षक दल के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. रजनीश ढींगरा, सामुहिक पूर्वांचल सभा के अध्यक्ष राजनाथ सिंह तथा श्रमिक प्रकोष्ठ के प्रभारी एडवोकेट नागेश सिंह ने संयु रूप से प्रदान किए। इस अवसर पर भोजपुरी अवधी समाज के संगठन मंत्री प्रदीप गुप्ता, पूर्वांचल विकास मंच के अध्यक्ष सुदीश यादव, एडवोकेट देव दत्त शर्मा, राज गौरव आदर्श, धुर्व ठाकुर सहित शहर के अन्य गणमान्य महानुभाव उपस्थित हुए।

# मोहन ऋषि स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** बसेलवा कॉलोनी स्थित मोहन ऋषि स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया। स्कूल के मुख्य अध्यापक मनीष गौतम ने सभी छात्रों और अध्यापकों को संबोधित करते हुए श्री सर्वपल्ली जी के आदर्शों का पालन कर पढ़ाई में मेहनत करने की बात कही। शिक्षक दिवस पर छात्रों की ओर से शिक्षकों के लिए खेलों का आयोजन किया गया। गुब्बारा उड़ाओ टोफी एकत्रित करो में मोहन, हेड शोलडर वेस्ट टोस और कप में प्रीति, गुब्बारा कूद में प्रीति शर्मा और कप से इमारत बनाओ प्रतियोगिता में रीना विजयी रहीं। सभी विजयी अध्यापकगणों को मनीष गौतम पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में मीनू गौतम के साथ ललित कुमार झा, लखन बाबु, गीतांजलि, निर्मल, नीतू आदि उपस्थित रहे।

# छठवां विशाल गणेश उत्सव का आयोजन

समाचार गेट/ सुमित गोयल

**बल्लभगढ़।** रिद्धि सिद्धि मित्र मंडल सेक्टर 2 बल्लभगढ़ द्वारा गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में छठवां गणेश उत्सव अटल पार्क के सामने सेक्टर 2 बल्लबगढ़ में शनिवार 7 सितंबर से 16 सितंबर तक बड़े धूमधाम से बनाया जा रहा है।मंडल के सदस्यों ने बताया की गणेश मूर्ति की स्थापना शनिवार 7 सितंबर को पुजन के बाद सुबह 8 बजे होगी व 7 सितंबर से 16 सितम्बर तक प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे गणेश पूजन किया जाएगा और प्रतिदिन शाम 6:00 से संकीर्तन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें अलग- अलग शहरों से मशहूर भजन प्रवाहक प्रतिदिन भों के साथ मिलकर भजनों का गुणगान करेंगे व प्रतिदिन भों के लिए सुन्दर झांकियो का विशेष आयोजन भी किया जायेगा।16 सितंबर को सुबह 8:00 बजे पूजन के बाद गणेश विसर्जन किया जाएगा व शाम को 5:00 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# मां की याद में बांटे पौधे

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** हरियाणा के ट्री मैन के रूप में प्रख्यात एस एस बांगा ने अपनी मां हरजिंदर कौर बांगा की याद में एक हजार पौधे का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के प्रति सभी को जागृत किया। सेक्टर 15 गुरुद्वारा में स्व. हरजिंदर कौर बांगा की याद में अंतिम अरदास का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधि हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात सहित देश के अन्य राज्यों के साथ विदेश से भी लोग आए। सभी ने स्व. हरजिंदर कौर बांगा को श्रद्धांजलि दी। वे धर्मपरायण व पर्यावरण प्रेमी महिला थी। प्रसाद के उपरांत महाप्रसाद के रूप में सरदार जी एस बांगा, सरदार एस एस बांगा व सरदार एच एस बांगा सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने पौधे का वितरण किया। अपनी मां की याद में बांगा परिवार ने एक हजार पौधे एक पेड़ मां के नाम वितरित किए।

## संपादकीय

### भ्रष्टाचार रोकने के लिए अपनाने होंगे ये रास्ते



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

आज आमजन भ्रष्टाचार पीड़ित हैं। ऐसा लगने लगा है कि कोई काम अब रिश्वत दिए बिना नहीं होता। भ्रष्टाचार देश की जड़ तक पहुंच गया। सभी इससे परेशान हैं किंतु इसके रोकने के लिए कोई पहल नही कर रहा। ईमानदारी का चोला पहन कर राजनीति में आई आम आदमी पार्टी खुद आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हैं। आप के सर्वे सर्वा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वयं दिल्ली के शराब घोटाले में जेल में हैं।

भ्रष्टाचार रोकने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने नई व्यवस्था की है। ये बहुत अच्छी व्यवस्था है हालांकि अभी इसमें बहुत कुछ करना होगा। उत्तर प्रदेश के इस मॉडल को पूरे देश को स्वीकारना होगा। भ्रष्टाचार करने वालों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश की कार्रवाई को अन्य प्रदेशों को अपने यहां लागू करना होगा, हालांकि अभी उत्तर प्रदेश में शुरूआत है। इस आदेश के परिणाम आने में समय लगेगा।

अपराधियों और माफियाओं के विरुद्ध उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने बुलडोजर चलाया। उनके द्वारा खड़ी की गई अवैध संपत्तियों को ध्वस्त किया गया। ये प्रयोग इतना सफल रहा कि उत्तर प्रदेश में अपराध घटे। अपराधी प्रदेश छोड़कर भागने लगे। प्रदेश की कामयाबी देख अन्य कुछ राज्यों ने भी यही बुलडोजर की कार्रवाई को स्वीकारा। इसे अपने यहां लागू किया। स्वयं सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यों के बुलडोजर एक्शन पर सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के एक्शन की प्रशंसा की।

प्रदेश में भ्रष्टाचार रोकने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक आदेश में राज्य के आईएएस, आईपीएस, पीपीएस, पीसीएस अफसरों की तर्ज पर राज्य कर्मचारियों को भी ऑनलाइन संपत्तियों का ब्यौरा देना अनिवार्य कर दिया है। सभी सरकारी कर्मचारियों को अपनी चल और अचल संपत्ति का ब्यौरा ऑनलाइन मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया था। हालांकि शिक्षकों, निगम कर्मचारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मचारियों को अभी इसमें शामिल नहीं किया गया। सरकार ने इसके लिए समय सीमा निर्धारित करते हुए इसके लिए आखिरी तारीख 31 अगस्त तय की गई थी। आदेश के बाद भी बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने ये काम नहीं किया। इस कारण सरकार ने इनकी सैलरी रोकने का आदेश किया दी। पहले खबर आई थी इनका प्रमोशन भी रोका जा रहा है। अब यूपी सरकार ने कर्मचारियों को एक महीने का और वक्त दिया है। ये सरकार की ओर से आखिरी अल्टीमेटम माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मात्र 71 फीसदी कर्मचारियों ने ही अपनी चल और अचल संपत्ति की जानकारी अपलोड की है। 2,44,565 राज्य कर्मचारियों की संपत्ति का ब्यौरा मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड नहीं हो पाया।

उत्तर प्रदेश सरकार के चीफ सेक्रेटरी ने सभी विभागों के प्रमुखों को पत्र लिखा था। पत्र में कहा गया था कि सभी सरकारी कर्मचारी 31 अगस्त तक चल-अचल संपत्ति घोषित करें नहीं तो उनका प्रमोशन नहीं होगा। इसके साथ ही कर्मचारियों की अगस्त महीने की सैलरी भी नहीं आएगी। सरकारी कर्मियों को संपत्ति घोषित करने का निर्देश पहले भी दिया जा चुका है लेकिन संतोषजनक रिस्पांस नहीं मिलने पर सरकार ने कड़ा फैसला लिया है।

यूपी सरकार ने अब राज्य कर्मचारियों को एक महीने की छूट दी है और आदेश दिया है कि कर्मचारी दो अक्तूबर तक संपत्ति का ब्यौरा दे सकेंगे। पहले ब्यौरा न देने वालों कर्मचारियों की अगस्त महीने की सैलरी रोकने का आदेश दिया गया था। संपत्ति का ब्यौरा देने में टेक्सटाइल, सैनिक कल्याण, ऊर्जा, खेल, कृषि और महिला कल्याण विभाग के कार्मिक सबसे आगे रहे। जबकि, शिक्षा विभाग के कार्मिक अपनी संपत्ति को छिपाने में आगे हैं। इस लिहाज से सबसे फिसड्डी बेसिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, औद्योगिक विकास और राजस्व विभाग साबित हुए। 17 अगस्त को जब यह आदेश जारी हुआ था, तब 131748 यानी 15 फीसदी राज्य कर्मियों ने ही पोर्टल पर अपनी संपत्ति दर्ज की थी। 20-31 अगस्त के बीच यह बढ़कर 71 फीसदी हो गया। शासन के एक उच्चपदस्थ अधिकारी ने बताया कि संपत्ति का ब्यौरा न देने वाले कार्मिकों का वेतन रोकने का आदेश पहले ही दिया जा चुका है। सभी विभागों को इसका अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। प्रदेश में कुल 846640 राज्य कर्मी हैं। इनमें से 602075 ने ही मानव संपदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा दिया। विवरण दर्ज कराने के आदेश पर जीपी मुख्यालय ने नियुक्ति विभाग को पत्र भेजकर उनके कार्मिकों के लिए संपत्ति का ब्यौरा देने के लिए कुछ और समय दिए जाने का अनुरोध किया है। पत्र में कहा गया है कि त्योहारों और पुलिस भर्ती परीक्षा के कारण तमाम पुलिस कर्मी समय से अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं दे पाए। माना जा रहा है कि गृह विभाग के लिए यह तिथि बढ़ाई जा सकती है। शासन के उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक, जिन अधिकारियों-कर्मचारियों का अगस्त माह का वेतन रोका गया, इसे तभी जारी किया जाएगा, जब वे संपत्ति का ब्यौरा दे देंगे। उनकी संपत्ति का ब्यौरा मिलने पर वेतन देने का फैसला संबंधित विभाग शासन से वार्ता के बाद ले सकेंगे। लगता है कि इसी पत्र के बाद विवरण दर्ज कराने के लिए एक माह का और समय दिया गया है।

आदेश सही है किंतु इसमें अभी सुधार करना होगा, भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए अभी उत्तर प्रदेश को बहुत कुछ करना होगा। कर्मचारियों के अपनी चल और अचल संपत्ति के मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज कराने से काम नही चलेगा। इसके लिए उसके परिवार के सभी सदस्यों की संपत्ति का ब्योरा दर्ज कराना होगा। ये आदेश राज्य सभी सरकारी और अर्ध सरकारी कर्मचारियों पर लागू किया जानी चाहिए। वास्तव में यह कार्य सेवा में आने से पूर्व होना चाहिए। सेवा में आने के बाद शादी होने पर कर्मचारी अपनी पत्नी की प्रत्येक प्रकार की संपत्ति दर्ज कराए। बच्चे होने पर उनका विवरण दर्ज हो। इतना ही नही जन प्रतिनिधियों, जन सेवकों पर भी यह व्यवस्था लागू की जानी चाहिए। आज हालत यह है कि देखा गया है कि प्रधान या स्थानीय निकाय का चेयरमैन बनते ही उसके पास लंबी चौड़ी गाड़ी आ जाती है। यह तभी रूकेगी जब, उसके और उसके परिवार की चल अचल संपत्ति चुने जाते ही शपथ से पूर्व घोषित की जाए। विधायकों और विधान परिषद सदस्य, विभिन्न बोर्ड के पदाधिकारी और सदस्यों पर भी यह व्यवस्था लागू होनी चाहिए।

समाज में फैले भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए देश को सख्त निर्णय लेने होंगे। भ्रष्ट हुई व्यवस्था अब बिना सख्ती के ठीक नही होगी। इसकी जड़े आज बहुत गहराई तक पहुंच गई हैं। भ्रष्टाचार की इन जड़ों को ही हमें नही काटना होगा, अपितु इनकी जड़ों का मिल रहा खाद पानी भी रोकना होगा। एक बात और कि ऐसी भी व्यवस्था कानून में होनी चाहिए की रिश्वत देने वाला सरकार को बताए कि उससे रिश्वत मांगी जा रही है। उसके द्वारा दी गई सूचना गुप्त रखी जाए। सूचना पर कार्रवाई होने के बाद सूचना देने वाले को सम्मानित भी किया जाए। अगर नही बताता है तो पता चलने पर उसके विरूद्ध भी कार्रवाई होनी चाहिए।

एक चीज और हमें स्कूली शिक्षा से ही बच्चों को आदर्श नागरिक बनने के बारे में उसे बताना होगा। उसे प्रेरित करना होगा कि वह समझे कि भ्रष्टाचार गलत है। भ्रष्टाचारी के प्रति होने वाली कार्रवाई से भी उसे अवगत कराया जाए, ताकि बचपन से ही इस कुरूति के प्रति उसके मन में गलत धारणा बन सके। ऐसा होने पर ही इसे रोका जा सकेगा।

# मां समान संगठन ने मुझे जो बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, उसके प्रति मैं नतमस्तक हूं : विपुल गोयल

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** मां समान संगठन ने मुझे जो बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, उसके प्रति मैं नतमस्तक हूं और इस महत्वपूर्ण दायित्व को पूरी निष्ठा और अथक परिश्रम से निभाने के लिए संकलपित हूं। अपने कार्यालय से विजय अभियान की शुरूआत करते हुए विपुल गोयल ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए ये शब्द अपने उद्बोधन में कहे। इस मौके पर विपुल गोयल ने अपने कार्यालय से फरीदाबाद के प्रसिद्ध लक्ष्मी नारायण मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और समर्थकों का जोश देखने लायक था।

इस मौके पर विपुल गोयल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और प्रदेश नेतृत्व का फरीदाबाद विधानसभा से उम्मीदवार घोषित किए जाने पर आभार व्य किया।

इस मौके पर विपुल गोयल ने सभी कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए जुटने का आह्वान किया। विपुल गोयल ने तीसरी बार हरियाणा में भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनाने के अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि इस बार हर सीट पर कमल खिलेगा और भाजपा की प्रचंड विजय होगी।



आज सुबह से ही विपुल गोयल के अपने कार्यालय सेक्टर 16 पर बधाई देने वालो का तांता लगा रहा और लोग सुबह से ही कार्यालय पर जुटने शुरू हों गए। इस दौरान विपुल गोयल का कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं, बुक्के और पगड़ी बांधकर मान-सम्मान किया। जिस पर विपुल गोयल ने सभी का आभार जताते हुए कहा की इस पगड़ी का मान-सम्मान वो हमेशा रखेगे।

विपुल गोयल ने फरीदाबाद की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा दी गई बधाईयों के लिए सभी का आभार जताया।

इस मौके पर उद्योगपतियों के अलावा सामाजिक संस्थाएं भी शामिल रही।

## स्कूल में अध्यापक दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** अध्यापक दिवस के अवसर पर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय की गणित प्राध्यापिका ममता गौड़ एवं अन्य अध्यापकों द्वारा सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिस में विशेष रूप से विद्यालय के छात्र अध्यापकों और छात्राओं के रूप में अध्यापिकाओं महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के प्रतिभागी छात्र छात्राओं को प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा, विद्यालय के प्राध्यापकों एवं अध्यापकों द्वारा सम्मानित भी किया गया। प्राचार्य मनचंदा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे माता पिता के बाद एक अच्छी दिशा दिखाने वाले अध्यापक ही होते हैं। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अध्यापक का मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। आज 5 सितम्बर को 62वां शिक्षक दिवस मनाया जा रहा है आज सभी शिक्षक अपने ज्ञान की बोली लगाने लगे हैं। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देखें तो गुरु शिष्य की परंपरा कहीं न कहीं कलंकित हो रही है। आए दिन शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों एवं विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के साथ किए गए बुरे व्यवहार की घटनाएं देखने सुनने को मिलती हैं। इसे देखकर हमारी संस्कृति की इस अमूल्य गुरु शिष्य परंपरा पर प्रश्नचिह्न आने लगता है। विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों का ही दायित्व है कि वे इस महान परंपरा को बेहतर ढंग से समझें और एक अच्छे समाज के निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने विद्यालय के सभी शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम शिक्षकों को अपने कार्य को अपनी पूर्ण निष्ठा और समर्पण भाव से करने की आवश्यकता है हम शिक्षण को व्यवसाय के स्थान पर श्रद्धा भाव से करेंगे तो निति रूप से समाज की सोच को सकारात्मक दिशा में अग्रसर करने में सफल होंगे।



## पुलिस ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर फ्लैग मार्च निकाला



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** पुलिस आयु ओमप्रकाश नरवाल के दिशा निर्देश पर चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सदर बल्लभगढ़ थाना प्रभारी ने अर्ध सैनिक बलों के साथ सदर बल्लभगढ़ थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव के दौरान शाँति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जागरूक किया है। विधानसभा चुनाव में कानून व शाँति व्यवस्था कायम रखने के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा अहम कदम उठाए गए हैं। फरीदाबाद पुलिस द्वारा तीनों जोन में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस ने फतेहपुर बिलोच, दयालपुर, तिगांव, मिर्जापुर आईएमटी, सुनपेड़, डीग इत्यादि गांव में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को शाँतिपूर्ण मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। फ्लैग मार्च के दौरान नागरिकों को आपसी भाईचारा कायम रखने तथा पार्टीबाजी में पडकर सामाजिक माहौल को खराब न करने के लिए आमजन को जागरूक किया। पुलिस टीम ने बताया कि चुनाव आते रहेंगे परंतु चुनाव के दौरान शांति का माहौल कायम रखें और अपने साथियों को भी शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करें। इसके साथ ही आमजन से अपील है कि चुनाव के दौरान नशा तस्करों व अन्य किसी भी प्रकार के अपराध की जानकारी तुरंत पुलिस को हेल्पलाइन नम्बर 112 पर देकर पुलिस प्रशासन के कार्यों में मदद करें।

# शिक्षक दिवस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने अध्यापकों को किया सम्मानित



समाचार गेट/ सुमित गोयल

**बल्लभगढ़।** शिक्षक दिवस के अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अजीत सिंह श्योराण व, खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह, बीआरसी कमल चौधरी, प्रधानाचार्य सतेन्द्र सौरोत एवं मुख्याध्यापक समर देशवाल, उदयवीर गिल, और रविकांत गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

जिला शिक्षा अधिकारी का पगड़ी बांधकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अजीत सिंह श्योराण ने कहा कि शिक्षक समाज के लिए आदर्श है। खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह ने भी कहा की शिक्षक एक दीपक की तरह है। मंच संचालन देवेन्द्र गौड़ ने किया। इस अवसर पर 50 अध्यापको को बैस्ट टीचर अवार्ड का प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य सीमा गौतम, पूनम तिरखा, रेनू चौधरी, रविकांत गुप्ता, बीआरपी कुलदीप, सुरेन्द्र राठी, योगेश राठी, प्रवीण कर्दम, बीरबाला, सुनीता कर्दम, सत्तसिंह हुड्डा, रोहित, कृष्ण कुमार, बलवीर सिंह, भारती तेवतिया, स्वाति को सम्मानित किया गया।

## शिक्षक दिवस समारोह पर कार्यक्रम



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** सेंट कोलंबस नेशनल स्कूल के प्रांगण में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। छात्र बहुत उत्साहित दिखे। शाखा प्रमुख श्रीमती रुचि वालिया ने शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्रों को गुरु और शिष्य के बीच के महत्वपूर्ण रिश्ते के बारे में समझाया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी की छात्रा गीत और अथर्व सिंह ने बहुत ही सुंदर भाषण दिया। यू.के.जी. की छात्रा आरोही ने गुरु की महिमा का बहुत अच्छे से वर्णन किया। इस पावन अवसर पर शिक्षकों ने छात्रों के लिए एक शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय की निदेशिका श्रीमती संगीता भाटी ने शिक्षिका श्रीमती संगीता धीर को सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका के पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने सभी शिक्षकों के कठिन परिश्रम की सराहना कर सभी का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के मधुर गायन के साथ हुआ।

## "गुरू बिना ज्ञान नहीं, गुरू बिना सम्मान नहीं, गुरू ही हमें बनाते महान उनके बिना हमारा नहीं कोई मान": बंडारू दत्तात्रेय

**आईजीयू में तृतीय दीक्षांत समारोह में पदक व उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को राज्यपाल ने बधाई व शुभकामनाएं दी।**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के तृतीय दीक्षांत समारोह में पदक व उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों व शोधार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि "गुरू बिना ज्ञान नहीं, गुरू बिना सम्मान नहीं, गुरू ही हमें बनाते महान उनके बिना हमारा नहीं कोई मान।" उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमारे जीवन में शिक्षकों का क्या महत्व है। शिक्षक न केवल हमें पढ़ाते हैं, बल्कि हमें जीवन के सही मार्ग पर चलना भी सिखाते हैं। सही और गलत का भेद सिखाते हैं। एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में हमारा मार्गदर्शन करते हैं। एक अच्छा शिक्षक अपने छात्रों में न केवल ज्ञान का बीज बोता है, बल्कि उन्हें जीवन के हर पहलू में सफल बनने के लिए तैयार करता है। इसलिए जीवन में शिक्षा और शिक्षक दोनों का ही महत्व कहीं अधिक है।

आज का यह दिन निश्चित रूप से विद्यार्थियों के जीवन का सबसे यादगार पल रहेगा क्योंकि आज उन्हें उनके परिश्रम का फल इन उपाधियां एवं पदकों के रूप में मिल रहा है। आज इस दीक्षांत समारोह में 08 शोधकर्ताओं को पी. एच. डी. की उपाधि प्रदान की गई और 97 मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक दिए, जिनमें से 80 छात्राएं और 77 छात्र थे। इसके अतिरिक्त 1000 स्नातक और स्नातकोत्तर की उपाधियां भी प्रदान की गई। इनमें भी 875 छात्राएं और 438 छात्र थे। सभी उपाधि एवं पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में छात्राओं की संख्या छात्रों के मुकाबले कहीं अधिक रही, जोकि बहुत ही प्रसंशनीय है।

उन्होंने आधुनिक तकनीक से पढ़ते हुए नए शोध कार्यों को करने के लिए सभी से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रोजगार लेने की जगह रोजगार देने वाले बनो। उच्च शिक्षा पाकर, जीवन में सफल होकर अपने माता-पिता एवं गुरुओं का नाम रोशन करें। आप सभी शिक्षा के अपने-अपने रुचि के क्षेत्र में सफलता हासिल करें। कार्यक्रम से पहले राज्यपाल महोदय को गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए शिखर मंडल की शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय के कर कमलों द्वारा भगिनी निवेदिता महिला छात्रावास का उद्घाटन व दीक्षांत समारोह की स्मारिका का भी विमोचन किया गया। कुलपति प्रो. जे.पी. यादव और कुलसचिव प्रो. प्रमोद कुमार द्वारा कुलाधिपति श्री बंडारू दत्तात्रेय को पीतल नगरी रेवाड़ी की प्रसिद्ध श्री राधा-कृष्ण प्रतिमा प्रतीक चिन्ह एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया।

कुलपति प्रो. जे.पी. यादव ने से विश्वविद्यालय के विकसित कार्यों की रिपोर्ट प्रेषित की।

प्रो0 जे.पी. यादव ने कहा कि विभिन्न शोध कार्यों में विश्वविद्यालय नई तकनीकों का उपयोग कर रहा है एवं उन्होंने बताया की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत सभी संकायों के पाठ्यक्रमों को लागू कर दिया गया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. वी.पी. यादव अध्यक्ष हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के कुलपति प्रोफेसर राजबीर सिंह, गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार, वाईएमसीए विश्वविद्यालय फरीदाबाद के कुलपति प्रोफेसर एस.के. तोमर, श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय पलवल के कुलपति प्रोफेसर राज नेहरू, डॉ. ममता यादव हरियाणा लोक सेवा आयोग की सदस्य, डॉ. एस.एस. यादव निदेशक मीरपुर कैंसर अस्पताल एवं रेवाड़ी के डीसी अभिषेक मीणा एवं गौरव राजपुरोहित पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे।

## संयुक्त निदेशक सचिन कुमार सम्मानित



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** जन कल्याण समिति फरीदाबाद के प्रतिनिधिमंडल ने जिला उद्योग केन्द्र एवं जिला रजिस्ट्रार ऑफ सोसाइटीज फरीदाबाद के संयु निदेशक सचिन कुमार उनके कार्यालय में भेंट की। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने सचिन कुमार द्वारा समाज के हित में किए जा रहे सराहनीय कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने हरियाणा रजिस्ट्रेशन एण्ड रेगुलेशन ऑफ सोसाइटी एक्ट के तहत उनकी प्रतिबद्धता और कार्यों पर संतोष व्य किया। प्रतिनिधि मंडल ने सचिन को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। समिति ने उनके नेतृत्व और समाज के प्रति उनकी सेवाओं की सराहना करते हुए उनके भविष्य में निरंतर सफलता की आशा व्य की।

इस अवसर पर जन कल्याण समिति के प्रधान सोमनाथ ग्रोवर, महासचिव पंकज ग्रोवर, संस्थापक सदस्य एवं अधिवा टी. एस शेखावत, वरिष्ठ सदस्य एवं अधिवा बसंत विरमानी, भगवान सिंह, समिति के मुख्य कानूनी सलाहकार एडवोकेट संदीप सेठी और समिति के कानूनी सलाहकार अधिवा सुनील शर्मा सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। जन कल्याण समिति अपने निरंतर प्रयासों से समाज में सामुदायिक सेवा और जनहित कार्यों को बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में भी इसी समर्पण के साथ कार्य करती रहेगी।

## मलेरिया व डेंगू से बचाव के लिए अधिकारियों ने स्वास्थ कर्मचारियों के साथ की बैठक



**कनीना सुनील दीक्षित**
बृहस्पतिवार को सीएचसी सेहलंग में स्वास्थ कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.मनीष कुमार व अस्पताल की प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ.प्रभा ने स्वास्थ कर्मचारियों,आशा व आंगनवाडी वर्करों को गांव में मलेरिया व डेंगू की रोकथाम के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि डेंगू एक जानलेवा बिमारी है जो एडिज मच्छर के काटने से फै लती है। ये मच्छर दिन के समय काटता है, जो रूके हुए एवं साफ पानी में पनपता है। स्वास्थ निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने कहा कि बुखार होना, तेज सिरदर्द होना, मांसपेशियों व जोडों में दर्द होना, आखों में जलन होने पर नजदीकी अस्पताल में जाएं ओर रक्त की जांच करवाएं। सरकारी अस्पतालों में डेंगू की जांच निःशुल्क है जबकि निजी अस्पतालों में 600 रुपए में ये जांच कराई जा सकती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अपने घर के नजदीक पानी जमा न होने दें, घर के अंदर फर्श पर फिनाईल का पौछा लगाएं। सप्ताह में एक दिन ड्राई-डे के रूप में मनाएं। घर के बर्तनों, कूलर,टंकी,फ्रिज, गमले को सूखाकर प्रयोग में लाएं।

## नैशनल हाइवे 152डी पर खेडी रेस्ट एरिया के समीप ट्राला व ट्रक में हुई आमने-सामने टक्कर

**कनीना सुनील दीक्षित**
नैशनल हाइवे 152डी पर खेडी रेस्ट एरिया के समीप घटित सडक हादसे में एक ट्राला चालक केबिन में फंसकर घायल हो गया। इस बारे में पीडित चालक पवन कुमार वासी सिवाई, थाना सरूरपुर जिला मेरठ ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने ट्राले को लेकर कोटपूतली जा रहा था। सुबह करीब साढे 4 बजे वह खेडी रेस्ट एरिया के समीप पंहुचा तो सामने से एक ट्रक चालक लापरवाही से वाहन चलाता हुआ आया ओर अक्समात लाइन बदल कर उनके ट्राले के सामने ब्रेक लगा दिए। जिसके चलते ट्राला, ट्रक से टकरा गया। इस हादसे में ट्राला क्षतिग्रस्त हो गया वहीं उसका चालक घायल होकर केबिन में फंस गया। अन्य वाहन चालकों की मदद से घायल चालक को निकाल कर कनीना के उप नागरिक अस्पताल पंहुचाया जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार कर उसे जिला अस्पताल नारनौल रैफर कर दिया। जहां उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि घायल ट्राला चालक की शिकायत पर हादसे के आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम ने छापेमारी कर मालडा बास से 2.210 ग्राम गांजा बरामद किया

**कनीना सुनील दीक्षित**
नारकोटिक्स ब्यूरो यूनिट रेवाडी की टीम ने कनीना सदर थाना अंतर्गत गांव मालडा बास में छापेमारी कर दो युवकों से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। इस बारे में एएसआई सुरेश कुमार ने कनीना सदर थाना में दी तहरीर में बताया कि उन्हें गांजा बेचने की गुप्त सूचना मिली थी। जिस पर टीम ने मौके पर जाकर देखा तो मालडा बास में बाईक सवार दो युवक खडे दिखाई दिए। जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। टीम ने उन्हें काबू किया तो उनके चंगुल से एक काले रंग की पोलीथीन मिली। कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद ड्यूटी मैजिस्ट्रेट ईटीओ विक्रांत यादव के सामने टीम ने उनकी तलाशी ली तो उनसे 2 किलोग्राम 210 ग्राम गांजा बरामद हुआ। गांजा बेचने के आरोपियों की पहचान अभिषेक उर्फ भोलू तथा कर्मबीर उर्फ पाल वासीयान मालडा बास के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों युवकों के विरूध एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। टीम में एएसआई रोहताश सिंह, सुनील कुमार, दीपक कुमार, सिपाही संदीप कुमार शामिल थे।

## महिलाओं का हरितालिका तीज पर्व आज

**कनीना सुनील दीक्षित**
हरितालिका तीज पर्व आज शुक्रवार, 6 सितम्बर को मनाया जाएगा। भाद्रपद शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व महिलाओं का है, जिसे करवाचौथ की भांति पूरे दिन उपवास रखकर किया जाता है। तीज पर्व पर विवाहित बेटी को सुहाग की प्रतीक वस्तुएं गहने,कपडे आदि दिए जाते हैं। अविवाहित कन्याएं भी इसका व्रत रखती हैं। इस व्रत को धारण करने वाली महिलाएं भगवान शिव व माता पार्वति की उपासना करती हैं।

# विधानसभा के आम चुनाव के तहत नामांकन प्रक्रिया हुई शुरू,

## पहले दिन कोसली विस से 1 उम्मीदवार ने किया नामांकन

**समाचार गेट/ निकिता माधोगढ़िया**
**रेवाड़ी।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा विधानसभा के आम चुनावों के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन भरने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है, जो गुरूवार 12 सितंबर तक जारी रहेगी। नामांकन के पहले दिन गुरूवार को कोसली विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार नवल सिंह पुत्र फूल सिंह निवासी मांढईया खुर्द ने राईट टू रिकॉल पार्टी से अपना नामांकन दाखिल किया। एसडीएम एवं आरओ कोसली विजय कुमार यादव ने नामांकन प्राप्त किया। बावल व रेवाड़ी विधानसभा से पहले दिन किसी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र गुरूवार 12 सितंबर, 2024 तक भरे जा सकते हैं। शुक्रवार 13 सितंबर, 2024 को नामांकन पत्रों की समीक्षा करते हुए



छंटनी की जाएगी। सोमवार 16 सितंबर, 2024 तक नामांकन वापिस लिए जा सकते हैं। प्रदेश में मतदान शनिवार 5 अक्टूबर और मतगणना मंगलवार 8 अक्टूबर को होगी। नामांकन प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों को रिटर्निंग अधिकारी (आरओ)/ सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) के कार्यालय में अपने साथ अधिकतम 4 लोगों को लाने की अनुमति होगी। उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी (आरओ)/सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) के कार्यालय में प्रातः 11 बजे से लेकर दोपहर बाद 3 बजे तक जमा करवा सकते हैं।

**नामांकन ऑनलाइन व ऑफलाइन मोड में करवाया जा सकता है जमा :**
जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने उम्मीदवारों को नामांकन भरने के लिए ऑनलाइन नामांकन के साथ-साथ ऑनलाइन नामांकन की सुविधा भी प्रदान की है, जो उम्मीदवार ऑनलाइन नामांकन करना चाहते हैं उन्हें पर अपना अकाउंट बनाकर नामांकन फॉर्म भरना होगा तथा सुरक्षा राशि जमा करवाकर रिटर्निंग अधिकारी के पास नामांकन जमा करने के लिए समय का चयन करना होगा। उन्होंने बताया कि यदि कोई उम्मीदवार ऑनलाइन माध्यम से नामांकन आवेदन भरता है तो उसे प्रिंटआउट लेकर इसे नोटरी से सत्यापित करवाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ रिटर्निंग अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से आवेदन जमा करना होगा।

**विधानसभा क्षेत्र में चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा है 40 लाख रुपए :**
डीसी ने कहा कि उम्मीदवारों के लिए विधानसभा क्षेत्र में चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये है। उम्मीदवारों या राजनीतिक दलों द्वारा 10 हजार रुपए से अधिक का चुनाव खर्च सभी स्थितियों में क्रॉस्ड अकाउंट पेयी चेक, ड्राफ्ट, आरटीजीएस/एनईएफटी या चुनाव के उद्देश्य से खोले गए उम्मीदवार के बैंक खाते से जुड़े किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा करना होगा।

**नामांकन के समय उम्मीदवार को सुरक्षा राशि के रूप में जमा करवाने होंगे 10 हजार रुपए :**
डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए नामांकन के समय उम्मीदवार को सुरक्षा राशि के रूप में 10 हजार रुपये जमा करवाने होंगे।
इसके अलावा, जो उम्मीदवार अनुसूचित जाति से संबंधित है, उन्हें संबंधित चुनावों में आधी राशि अर्थात 5 हजार रुपये सुरक्षा राशि के रूप में जमा करवानी होगी, चाहे वह सामान्य निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहा हो या आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र से। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उम्मीदवारों को नामांकन पत्र के साथ दाखिल किए जाने वाले हलफनामे में सभी कॉलम भरने होंगे। यदि हलफनामे में कोई कॉलम रिक्त रह जाता है, तो रिटर्निंग अधिकारी उम्मीदवार को सभी कॉलम विधिवत भरे हुए संशोधित हलफनामा दाखिल करने के लिए नोटिस जारी करेगा। ऐसे नोटिस के पश्चात भी यदि कोई उम्मीदवार सभी पहलुओं से पूर्ण हलफनामा दाखिल करने में विफल रहता है, तो जांच के समय निर्वाचन अधिकारी द्वारा नामांकन पत्र अस्वीकृत किया जा सकता है।

# रेवाड़ी को उसका असली हक दिलाने का समय आ गया : लक्षमण सिंह

**समाचार गेट/ निकिता माधोगढ़िया**
**रेवाड़ी।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव को रेवाड़ी विधानसभा से भाजपा का टिकट मिलने पर उनके समर्थकों ने विधायक के सेक्टर चार स्थित आवास पर मिठाइयां बांटकर तथा आतिशबाजी चलाकर ढोल की थाप पर देर रात तक जमकर जश्न मनाया। इस मौके पर विधायक लक्ष्मण यादव ने उन्हें रेवाड़ी से पार्टी का प्रत्याशी बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व व केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का आभार जताते हुए कहा कि रेवाड़ी को उसका असली हक दिलाने का समय आ गया है। बीती देर सायं जैसे ही भारतीय जनता पार्टी की ओर से पार्टी प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की गई, उसमें रेवाडी विधानसभा से कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव को रेवाड़ी विधानसभा से टिकट दिए जाने के बाद उनके समर्थकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सूची जारी होते ही विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने सर्वप्रथम समर्थकों के साथ शहर के घंटेश्वर महादेव मंदिर, बड़ा तालाब स्थित हनुमान मंदिर तथा बारा हजारी स्थित दुर्गा मंदिर पहुंचकर भगवान का आशीर्वाद लिया, वहीं गुरुद्वारे पहुंचकर मत्था भी टेका। इस दौरान विधायक के सेक्टर चार स्थित आवास पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं



व समर्थकों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। विधायक के आवास पहुंचते ही लोगों ने फूलमालाओं व बुक्कों के साथ स्वागत किया, वहीं मिठाइयां बांटकर तथा आतिशबाजी चलाकर जमकर जश्न मनाया। भारी संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक ढोल की थाप पर देर रात तक जमकर थिरके और खुशियां मनाई। इस मौके पर विधायक लक्ष्मण सिंह यादव भी समर्थकों व कार्यकताओं के साथ जमकर थिरकर समर्थकों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने उन्हें रेवाड़ी से आशीर्वाद प्रदान करने पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, परमपिता परमात्मा व क्षेत्र की जनता का आभार जताते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी तरह खरा उतरकर रेवाड़ी की जीत भाजपा की झोली में डालने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों का एक पूरा परिवार है। संगठन में जो भी पदाधिकारी व कार्यकर्ता किसी भी कारण से कुछ नाराज है, उनके पास जाकर उन्हें मनाया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा रेवाड़ी की पूरी टीम एकजुट होकर रेवाड़ी के पिछड़ेपन को दूर करने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी से अभी तक मंत्री व विधायक बनते आ रहे कांग्रेसियों ने इस क्षेत्र का भला करने की बजाय अपना स्वार्थ साधने का काम किया है। रेवाड़ी के पिछड़ेपन के लिए जिम्मेवार लोगों को सबक सिखाने का समय आ गया है तथा अब रेवाड़ी के उज्जवल भविष्य का समय आ चुका है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने कहा कि अभी तक क्षेत्र की जनता अलग-अलग बातें बना रही थी, लेकिन लक्ष्मण सिंह यादव के आने से सभी चर्चाओं पर पूरी तरह विराम लग गया है। अब रेवाड़ी को कांग्रेस से मुक्ति दिलाकर विकास की दौड़ में आगे लाया जाएगा। उधर, गुरुवार को विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने अपने पैतृक गांव छव्वा पहुंचकर गांव के मंदिर तथा कोसली मठ पहुंचकर आशीर्वाद लिया। इसके उपरांत उन्होंने कैंप कार्यालय पहुंचकर कार्यकताओं से भी मुलाकात की।

# नामांकन प्रक्रिया के चलते कनीना में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंध

**कनीना सुनील दीक्षित**
हरियाणा में विधान सभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार 5 सितम्बर से नामांकन दाखिल किए जाने का कार्य शुरू हो गया है। चुनाव मैदान में उतरने वाले प्रत्याशी सुबह 11 बजे से सायं तीन बजे तक 5 व्यक्तियों के प्रतिनिधि मंडल के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। अटेली हलके के नामांकन पत्र पहली बार एसडीएम कार्यालय कनीना में लिए जा रहे हैं। जहां एसडीएम अमित कुमार को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। चुनाव कार्य के चलते कनीना में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंध की गई है। डीएसपी दिनेश कुमार को सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया है। पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। जिसके चलते अधिकारी सांय तक इंतजार करते रहे।




अटेली-68 विधान सभा में कुल 96 गांव तथा 9 ढाणी शामिल हैं। जहां 4321 सर्विस वोटरों सहित कुल 202154 मतदाता हैं। जिनमें 106199 पुरूष तथा 95955 महिला मतदाता शामिल हैं। जिनके मतदान के लिए 215 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 14 शहरी तथा 201 ग्रामीण क्षेत्र में शामिल हैं।
2019 के विस चुनाव में सीताराम यादव व अतरलाल में रहा था मुकाबला
2019 में हुए विधान सभा चुनाव में भाजपा उम्मीद्वार सीताराम यादव व बसपा के अतर लाल के बीच मुकाबला रहा था। जिसमें सीताराम को 55793,बीएसपी के अतर लाल को 37387 व जेजेपी के सम्राट यादव को 13191 वोट मिले थे। अटेली हलके के सुजापुर निवासी सीताराम यादव ने अपने प्रतिद्वंदी अतर लाल को 18406 मतों से पराजित किया था।
5 अक्टूबर को होने वाले विस चुनाव के लिए भाजपा की ओर से आरती राव को टिकट देने पर रामपुरा हाऊस से जुडे कार्यकताओं में उत्साह बना हुआ है वहीं भाजपा कार्यकताओं में मायूसी देखी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक आरतीराव को भीतरघात का सामना भी करना पड सकता है।
अटेली हलके से कांग्रेस पार्टी के संभावित उम्मीद्वारों में पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिह दावेदारी जता रहे हैं जो हजकां की टिकट पर चुनाव लड कर विधायक व मंत्री बने थे। इसी प्रकार पूर्व सीपीएस अनीता यादव प्रमुख दावेदार हैं, जो पिछले विस चुनाव में दुष्यंत चौटाला की जेजेपी पार्टी के साथ थी। उनके पुत्र सम्राट यादव ने जेजेपी की टिकट पर विधानसभा का चुनाव भी लडा था।

## वीआईपी स्कूल में शिक्षक दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम, शिक्षको का किया सम्मान



**समाचार गेट/ निकिता माधोगढ़िया**
**रेवाड़ी।** वी आई पी स्कूल में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों के सम्मान के लिए आयोजित समारोह में विभिन्न कार्यक्रमो के द्वारा छात्रों ने शिक्षकों के प्रति अपना प्यार एवं आदर दशार्या। स्कूल प्रिंसिपल नवीन शर्मा ने बताया कि सरस्वती मां की पूजा अर्चना के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उन्होंने बच्चों को जीवन में शिक्षक का महत्व बताते हुए कहा कि आज के बच्चे शिक्षकों के सही मार्गदर्शन से भविष्य में देश के बेहतर नागरिक बनते हैं। कार्यक्रम कि शुरूआत सभी अध्यापको को तिलक लगा तथा उनका टाइटल दे की गई तथा सभी अध्यापको का मंच पर आगमन कैट वाक के साथ छात्रों ने म्यूजिक की धुन पर करवाया। स्कूल डायरेक्टर डॉक्टर उषा यादव एवं नवदीप लाम्बा ने सभी अध्यापको को शिक्षक दिवस कि बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक भविष्य निमार्ता होते हैं। वे समाज का दर्पण बनकर वास्तविक हालातों से अवगत कराते हैं। व्यक्ति के जीवन मे सफलता में शिक्षक का बेहद अहम रोल होता है। छात्राओं ने शिक्षकों के लिए विभिन्न तरह के स्लोगन से लिखे पोस्टर भी गिफ्ट स्वरूप भेंट किए। यह देख शिक्षकों ने छात्राओं की खूब प्रशंसा की। छात्राओं ने कहा कि शिक्षक वास्तव में शिक्षा और विद्यार्थियों के जीवन में अहम भूमिका निभाते हैं। वे सिर्फ विद्वान ही नहीं, बल्कि मार्गदर्शक भी होते हैं। इस दौरान कोर्डिनेटर सोनू धनखड़, प्रियंका यादव, सुनीता, बीना , सुरेंद्र, उषा यादव, पिंकी, रेनू, सुमित, मुकेश, आशीष, अनिल, राजेश, प्रेमदीप साहित समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

## राजस्थान से बिहार जा रही थी शराब

### रेवाड़ी पुलिस ने किया शराब तस्करी पर कड़ा प्रहार।



**समाचार गेट/ निकिता माधोगढ़िया**
**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी गौरव राजपुरोहित के कुशल नेतृत्व में विधानसभा चुनाव मध्यनजर जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान शराब तस्करी पर प्रहार करते हुए अवैध शराब तस्करों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत चौकी गढ़ी बोलनी पुलिस ने राजस्थान से दो गाड़ियों में शराब ला रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांचकर्ता ने बताया कि दिनांक 03/04 अगस्त की रात को सूचना मिली थी कि पांच व्यक्ति दो गाडियों में राजस्थान की तरफ से अवैध शराब भरकर गढ़ी बोलनी होते हुये शराब बेचने के लिए बिहार जाएगे। सूचना के बाद पुलिस टीम ने गढ़ी बोलनी में नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। इसी दौरान दो गाडियां नाके से बचकर कसोला चौक की ओर निकल गई। पुलिस ने ईआरवी को सूचना देते हुए कसोला चौक पर जाम लगवा दिया। दोनों गाड़ियां जाम में फंस गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों गाडियों को काबू करके उनकी तलाशी ली तो उनमें शराब भरी हुई थी। दोनों गाडियों में एक स्विफ्ट व एक रिट्ज कार थी जिनमे पांच व्यक्ति सवार थे। जिन्होंने अपना नाम अमित कुमार निवासी गांव कुडल जिला भिवानी, मंजीत निवासी गांव शाहुवास जिला चरखी दादरी, कृष्ण कुमार निवासी गांव झाबुआ, राकेश व अमन निवासी न्यू रोशन पुरा नजफगढ़ दिल्ली बताया। पुलिस ने आरोपियों की दोनों गाड़ीयो से अंग्रेजी शराब के 572 पव्वे व 1412 पाउच बरामद किए है। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना कसौला में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके पांचो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# कांग्रेस के घोटाले थमने का नाम ही नहीं ले रहे है, टिकटों में भी हो रहे है घोटाले: अरूण चतुवेर्दी

## भाजपा ने विधानसभा चुनावों के प्रचार-प्रसार के लिए विडियो वैन को किया रवाना

**समाचार गेट/ निकिता माधोगढ़िया**
**रेवाड़ी।** विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा ने पूरे प्रदेश में अपनी कमर कस ली है तथा चुनाव प्रचार-प्रसार की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा रेवाड़ी जिला अध्यक्ष डा0 वन्दना पोपली ने बताया कि भाजपा द्वारा प्रदेश की सभी 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए विडियो वैन को रवाना किया है जिसके अंतर्गत बुधवार को सांय भाजपा जिला कार्यालय से रेवाड़ी विधानसभा की वैन को भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, पूर्व मंत्री व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान अरूण चतुवेर्दी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उनके साथ कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, रेवाड़ी विधानसभा प्रवासी प्रभारी हर्ष यादव, पूर्व प्रत्याशी सुनील मुसेपुर भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि इस विडियो वैन का रेवाड़ी जिला संयोजक विजय बाम्बड़ व सह संयोजक सुमन चौहान को नियुक्त किया गया है तथा रेवाड़ी विधानसभा का संयोजक महेश स्वामी तथा सह-संयोजक रेखा शर्मा को नियुक्त किया गया है, जिनके नेतृत्व में यह विडियो वैन विधानसभा के प्रत्येक गांव में जाकर प्रचार-प्रसार करेगी।
वहीं विडियो वैन को झण्डी दिखाकर



रवाना करने से पूर्व उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, पूर्व मंत्री व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान अरूण चतुवेर्दी ने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होने कहा कि कांग्रेस का मकसद प्रदेश में विकास करवाना नहीं बल्कि भाजपा को रोकना है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में होने वाली सभी योजनाओं के कार्य को इन विडियो वैन के माध्यम से घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होने कहा कि कांग्रेस ने घोटालों के सिवाय कोई कार्य नहीं किया है। उन्होने बताया कि कांग्रेस के घोटाले थमने का नाम ही नहीं ले रहे है अभी कुछ दिन पूर्व ही कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुडडा को भी ईडी ने भूमि घोटाले में तलब किया है तथा अब कांग्रेस में टिकट घोटाला सामने निकल कर आ रहा है। उन्होने बताया कि कांग्रेस में सभी कैंडिडेटस से टिकट के आवेदन के साथ 20 हजार रुपए लिए गए थे जो नोन रिफंडेबल थे तथा लगभग 2500 लोगों ने आवेदन किया था तथा अब राहुल गांधी प्रदेश में पूरी 90 सीटों पर न लड़कर गठबंधन में लड़ने पर विचार कर रहे है। इस अवसर पर जिला महामंत्री ईश्वर चनीजा व सत्यदेव यादव, उपाध्यक्ष अजय कांटीवाल, पूर्व जिला महामंत्री अशोक मुदगिल, मंडल अध्यक्ष दीपक मंगला, दीपा भारद्वाज, अभिषेक डागर, संजय चौहान, रूचिका नागपाल, जतिन अरनेजा, नितेश अग्रवाल, प्रवीण शर्मा, डा0 सौरभ यादव, गिरिश सिंगला, डीएम यादव, राजेन्द गुप्ता, नवीन रोहिल्ला, राजीव आहूजा, प्रेमराज, मीरसिंह, दिनेश व धर्मेन्द्र सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बाजार नियामक सेबी ने कहा- कर्मचारी बाहर से हो रहे मिसगाइड

**मुंबई ।**

बाजार नियामक सेबी ने टॉक्सिक वर्क कल्चर को लेकर लगे आरोपों के बीच सेबी ने नई सफाई पेश की है। सभी आरोपों को सेबी ने खारिज किया है। आधिकारिक सफाई पेश करते हुए सेबी ने कहा कि जिन कर्मचारियों ने आरोप लगाए हैं वे बाहर के लोगों से मिस गाइड हो रहे हैं। इस मामले पर बुधवार शाम को सेबी ने बयान जारी कर कहा कि एचआरए और टॉक्सिक वर्क कल्चर को लेकर कर्मचारियों ने जो शिकायतें की है वो बाहर के लोगों के झांसे में आकर की गई है। इस तरह की नकारात्मक बातों का उद्देश्य है की सेबी की विश्वसनीयता पर संदेह किया जा सके। हालांकि सेबी ने कहा कि बाजार के जटिल इकोसिस्टम कि उच्च पारदर्शिता के साथ निगरानी करने के लिए संस्थान प्रतिबद्ध है। सेबी का यह बयान उन खबरों के बीच आया है जिसमें कहा गया है कि नियामकीय संस्था के कर्मचारियों ने सरकार को पत्र लिखकर टॉक्सिक वर्क कल्चर पर चिंता व्यक्त की है। सेबी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि छह अगस्त, 2024 के इस पत्र में गैर-पेशेवर कार्य संस्कृति होने के संबंध में किए गए दावे गलत हैं। इसके साथ ही सेबी ने ये संदेह भी व्यक्त किया कि उसके अधिकारियों को बाहरी तत्वों से संदेश मिल रहे है। जिनके दिशा निर्देश अनुसार उन्हें 'मीडिया, मंत्रालय या बोर्ड में जाने' के लिए उकसाया जा रहा है। उसका मानना है कि बाहरी लोग संभवतः अपने एजेंडा के लिए ऐसा कर रहे हैं। सेबी ने कहा कि हमें आशंका है कि कनिष्ठ अधिकारियों को बाहरी तत्वों से संदेश मिल रहे हैं, जो उन्हें 'मीडिया में जाने, मंत्रालय में जाने, बोर्ड में जाने' के लिए उकसा रहे हैं



और बाहरी तत्व शायद अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए ऐसा कर रहे हैं। असल में छह अगस्त, 2024 का पत्र सेबी कर्मचारी संघों ने सरकार को नहीं भेजा था। बाजार नियामक ने कहा कि यह एक गुमनाम ईमेल के रूप में भेजा गया था। अधिकारियों और कर्मचारी संघों ने खुद इसकी निंदा करते हुए मानव संसाधन विकास मंत्रालय को ईमेल के जरिये इसकी जानकारी दी है।

# यात्री वाहन की खुदरा बिक्री अगस्त में पांच फीसदी घटी

**नई दिल्ली ।**

ग्राहक खरीद में देरी, खराब उपभोक्ता धारणा तथा लगातार भारी बारिश की वजह से भारत में यात्री वाहन की खुदरा बिक्री में अगस्त में सालाना आधार पर पांच फीसदी की गिरावट देखी गई है। अगस्त में कुल 3,09,053 यात्री वाहन (पीवी) का पंजीकरण हुआ, जबकि अगस्त 2023 में यह संख्या 3,23,720 थी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के एक वे रिष्ठ अ धिकारी ने बयान में कहा कि त्योहारी मौसम के बावजूद बाजार पर काफी दबाव बना हुआ है। वाहन अब 70-75 दिन तक गोदाम में रखे रहते है और इन्वेंट्री कुल 7.8 लाख वाहनों की है, जिसका मूल्य 77,800 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि स्थिति पर प्रतिक्रिया देने के बजाय, पी.वी. मूल उपकरण निर्माता (ओ.ई.एम.) मासिक आधार पर डीलर को भेजे जाने वाले सामानों की संख्या में वृद्धि कर रहे हैं, जिससे समस्या और भी गंभीर हो रही है। उन्होंने कहा कि फाडा सभी बैंकों तथा एनबीएफसी से तत्काल हस्तक्षेप करने और अत्यधिक स्टॉक रखने



वाले डीलर को दिए जाने वाले वित्तपोषण को नियंत्रित करने का आग्रह करता है।

# एड्रेस बुक के सिंक्रोनाइजेशन को मैनेज करने की अनुमति देगा नया फीचर

**नई दिल्ली ।**




वॉट्सऐप ने एक और नया फीचर लाने जा रही है जिसकी मदद से यूज़र्स को मल्टिपल अकाउंट का इस्तेमाल करते समय अपने कॉन्टैक्ट को मैनेज करने का ऑप्शन मिलेगा। वाबेटाइंफो ने बताया है कि ये फीचर फिलहाल ऐप के बीटा वर्जन में देखा गया था और जल्द ही ऐप के स्टेबल वेरिएंट में पेश किया सकता है।

रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि वॉट्सऐप एक नए सेक्शन पर काम कर रहा है जो यूज़र्स को अपनी एड्रेस बुक के सिंक्रोनाइजेशन को मैनेज करने की अनुमति देगा, जिससे उन्हें ये कंट्रोल करने की सुविधा मिलेगी हर कॉन्टैक्ट को सिंक्रोनाइज़ किया जाए या नहीं। ये फीचर खास उन यूज़र्स के लिए है जो ऐप के मल्टी-अकाउंट सुविधा का फायदा उठाते हैं, और इससे उन्हें अपने काम और पर्सनल कॉन्टैक्ट को अलग रखने का ऑप्शन मिल जाता है। वाबेटाइंफो ने इसका स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है, जिसमें देखा जा सकता है कि ये ऑप्शन कैसा दिखेगा। इसके अलावा ये भी बता दें कि अगर यूज़र्स अपने अकाउंट के लिए कॉन्टैक्ट सिंकिंग को बंद करना चुनते हैं तो वॉट्सऐप उन्हें नए अपडेट में एक मैनुअल सिंक ऑप्शन देगा, जिससे उन्हें हर कॉन्टैक्ट को अलग से सिंक किया जा सकेगा। इसका मतलब साफ है कि वे अपने अकाउंट से कुछ कॉन्टैक्ट को सिंक किए बिना पूरे एड्रेस बुक को सिंक कर सकते हैं। अच्छी बात ये है कि यूज़र्स अगर नहीं चाहते कि उनके कनेक्टेड डिवाइस में कोई कॉन्टैक्ट सिंक हो तो वह अनसिंक भी कर सकते हैं।

बताया गया है कि ये फीचर अभी डेवलपमेंट स्टेज पर है और बीटा टेस्टर्स के पास अभी नहीं आया है। उम्मीद की जा रही है कि इसे जल्द बीटा टेस्टिंग पर भेजा जाएगा और फिर सभी यूज़र्स के लिए पेश किया जाएगा।इसके अलावा हाल ही में वाबेटा इंफो ने अपने पोस्ट में बताया है कि मेटा एआई के लिए वॉट्सऐप वॉयस चैट मोड फीचर पर काम कर रहा है।

इससे मेटा एआई से बातचीत की जा सकेगी। इस फीचर को अभी वॉट्सऐप बीटा एंड्रॉयड 2.24.18.18 के लिए जारी किया गया है।

# सेबी डेरिवेटिव ट्रेडिंग के लिए सख्त नियम लाएगा

## - हर साल निवेशकों को लगती है 50,000 करोड़ से ज्यादा की चपत

**नई दिल्ली ।**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) डेरिवेटिव ट्रेडिंग के लिए जल्द ही सख्त नियम अधिसूचित करने पर विचार कर रहा है। बाजार नियामक के इस कदम का उद्देश्य अटकलबाजी वाली ट्रेडिंग गतिविधियों को काबू में करना है क्योंकि इससे हर साल खुदरा निवेशकों को कुल 50,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की चपत लगती है। उद्योग के भागीदारों से प्राप्त प्रतिक्रिया के आधार पर बाजार नियामक ने जुलाई में जारी परामर्श पत्र में सात उपाय प्रस्तावित किए थे। मामले के जानकार ने कहा कि सेबी की आगामी बोर्ड बैठक में इसे मामूली बदलाव के साथ लागू किया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार नियामक के पास प्रस्तावों को मंजूरी के लिए बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किए बिना ही अंतिम मानदंड जारी करने का भी प्रावधान है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि नियामक उन खुदरा निवेशकों के हित में जल्द से जल्द सुरक्षा तंत्र कायम करना चाहता है जो अक्सर इस क्षेत्र में अपना पैसा गंवाते रहते हैं। इस बारे में पुष्टि के लिए सेबी को ईमेल किया गया मगर खबर लिखे जाने तक जवाब नहीं आया। सेबी के परामर्श पत्र पर 20 अगस्त की समयसीमा तक आम लोगों और प्रमुख हितधारकों सहित 6,000 से अधिक इकाइयों की प्रतिक्रियाएं आईं। सेबी को उपायों का चरणबद्ध तरीके से लागू करना, ट्रेडरों के लिए योग्यता की शर्तें लगाना मानदंड और उच्च मार्जिन आवश्यकता तथा पोजीशन लिमिट से संबंधित नियमों को थोड़ा आसान बनाने के सुझाव प्राप्त हुए हैं। सेबी के प्रमुख प्रस्तावों में साप्ताहिक ऑप्शन अनुबंधों को प्रति एक्सचेंज एक सूचकांक तक सीमित करना, सौदे के निपटान के करीब उच्च मार्जिन की आवश्यकता तथा अनुबंध के आकार को बढ़ाना शामिल हैं। इसके साथ ही नियामक ने न्यूनतम अनुबंध आकार को मौजूदा 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 15-20 लाख रुपये करने का भी प्रस्ताव किया है। अनुबंध शुरू होने के छह महीने बाद इसे और बढ़ाया जा सकता है। ये सुझाव एक विशेषज्ञ कार्यसमूह की सिफारिशों पर आधारित थे।

# विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों तथा बाजारों में हो रहे हैं बदलाव, जिसके लिए देश तैयार हैः दास

## - उन्नत अर्थव्यवस्था बनने हमारे देश की यात्रा को कई कारकों के अनूठे मिश्रण से मिल रहा है बल

**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने गुरुवार को एफआईबीएसी 2024 के उद्घाटन भाषण में कहा कि विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों तथा बाजारों में व्यापक पर बदलाव हो रहे हैं और देश इन बदलाव के लिए तैयार है। दास ने कहा कि उन्नत अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में हमारे देश की यात्रा को कई कारकों के अनूठे मिश्रण से बल मिल रहा है। इन कारकों में युवा व ऊर्जस्वी आबादी, जुझारू व विविध अर्थव्यवस्था, मजबूत लोकतंत्र और उद्यमशीलता व नवाचार की समृद्ध परंपरा शामिल है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की वृद्धि गाथा अक्षुण्ण है और बैंकों का बहीखाता मजबूत है।

दास ने निजी क्षेत्र से व्यापक स्तर पर निवेश बढ़ाने का आग्रह किया। गवर्नर ने कहा कि आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के बुनियादी वृद्धि कारक वास्तव में गति पकड़ रहे हैं और वे धीमे नहीं पड़ रहे हैं। इससे हमें यह कहने का साहस मिलता है कि भारतीय वृद्धि की गाथा बरकरार है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (आईबीसी) जैसे सुधारों से दीर्घकालिक सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने भूमि, श्रम तथा कृषि बाजारों में और अधिक सुधारों की आवश्यकता पर भी जोर दिया। गवर्नर ने कुल मुद्रास्फीति के मायने स्वीकार करते हुए कहा कि मुद्रास्फीति तथा वृद्धि के बीच सही संतुलन कायम है।

बेहतर मानसून तथा खरीफ की अच्छी बुवाई से खाद्य मुद्रास्फीति का परिदृश्य अधिक अनुकूल हो सकता है। वित्तीय क्षेत्र को समावेशी वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल मंच तक पहुंच बढ़नी चाहिए और उनका उपयोग करना चाहिए। उन्होंने जोखिम निर्धारण मानकों को कमजोर किए बिना महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों और सूक्ष्म, लघु व मझोले उद्यम (एमएसएमई) के अनुरूप उत्पाद तथा सेवाएं पेश करने की भी वकालत की। दास ने कहा कि विवेकपूर्ण ऋण सुनिश्चित करने के लिए यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (यूएलआई) मंच पर




केवल विनियमित संस्थाओं को ही अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यूएलआई कुछ चुनिंदा कंपनियों का क्लब नहीं होगा।

# ड्रोन के सुरक्षित संचालन के लिए दिशानिर्देशों पर काम कर रहे हैं गृह मंत्रालय : नायडू



**नई दिल्ली ।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा कि नागर विमानन और गृह मंत्रालय ड्रोन के सुरक्षित संचालन के साथ-साथ उसके उचित उपयोग के लिए दिशानिर्देश तैयार करने को लेकर काम कर रहे हैं। मंत्री से पूछा गया था कि क्या सरकार मणिपुर में हाल की घटना के संदर्भ में गलत मकसद से उड़ाए जा रहे ड्रोन के मामलों से निपटने के लिए किसी विशेष योजना पर विचार कर रही है। मणिपुर में हाल ही में जातीय हिंसा के दौरान उग्रवादियों ने बम गिराने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया था। नायडू ने कहा कि ड्रोन को लेकर सुरक्षा का पहलू भी है। हम गृह मंत्रालय के साथ मिलकर कुछ दिशानिर्देश तैयार करने का प्रयास कर रहे हैं और यदि आवश्यक हुआ तो इसके लिए एक अधिनियम भी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिशानिर्देशों का मकसद सुरक्षित संचालन और ड्रोन का अधिकतम इस्तेमाल सुनिश्चित करना है। मंत्री ने कहा कि इस संबंध में अंतर-मंत्रालयी परामर्श किया जा रहा है। सरकार विभिन्न क्षेत्रों में ड्रोन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कई कदम भी उठा रही है। नायडू ने राष्ट्रीय राजधानी में एक सम्मेलन से इतर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विभिन्न गतिविधियों, खासकर कृषि क्षेत्र में ड्रोन के इस्तेमाल का काफी समर्थन कर रहे हैं। जब हम दिशानिर्देश तैयार करते हैं तो इसमें ड्रोन के उपयोग को बढ़ावा देने के साथ सुरक्षा के पहलू को भी ध्यान में रखना होता है। यह एक अंतर-मंत्रालयी प्रयास होगा, हम विचार-विमर्श की प्रक्रिया में हैं।

# बैजूस के लेनदार फिर से करें अपीलः एनसीएलटी

**नई दिल्ली ।** नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने सुनवाई के दौरान एडटेक दिग्गज बैजूस के अमेरिकी लेनदारों से कहा है कि लेनदारों की समिति को हटाने वाली याचिका की सुनवाई के लिए नई अपील करे। एनसीएलटी ने मामले की सुनवाई 11 सितंबर तक टाल दी। बैजूस के अमेरिकी लेनदारों का प्रतिनिधित्व करने वाली ग्लास ट्रस्ट ने एक पत्र में दावा किया कि अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल (आईआरपी) ने सीओसी से लेनदारों को गैरकानूनी तौर पर निकाल दिया है। यह जानकारी ग्लास ट्रस्ट के ईमेल से मिली। जानकार सूत्रों ने बताया कि आईआरपी पंकज श्रीवास्तव ने ग्लास ट्रस्ट को सीओसी से हटा दिया और दावा किया कि वह कंसोर्टियम के न्यूनतम 51 फीसदी लेनदारों का प्रतिनिधित्व नहीं करता। इस बारे में श्रीवास्तव से संपर्क की कोशिश की गई लेकिन वह नाकाम रही। अयोग्य ठहराए जाने पर अमेरिकी लेनदारों ने एक ईमेल में कहा कि अयोग्य ठहराए जाने का मामला किसी भी तरह से थिंक ऐंड लर्न की वित्तीय देनदारी के खिलाफ ग्लास ट्रस्ट के दावे को कहीं से भी कमतर नहीं बताता, जिसे पहले पंकज ने मानते हुए मूल रूप से ग्लास ट्रस्ट को सीओसी में शामिल किया था। ग्लास ट्रस्ट के प्रतिनिधित्व वाले ऋणदाताओं के संघ ने बयान में कहा कि पंकज श्रीवास्तव की कार्रवाई अभूतपूर्व और अवैध है क्योंकि भारतीय ऋणशोधन अक्षमता और दिवालियापन संहिता के इतिहास में किसी भी अंतरिम समाधान पेशेवर ने कभी भी इस स्तर के दावों के वित्तीय लेनदारों को अवैध रूप से बेदखल करने का प्रयास नहीं किया है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 151 , निफ्टी 53 अंक नीचे आया

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को भी गिरावट पर बंद हुए। वहीं गत दिवस भी बाजार में गिरावट रही है। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। आज बाजार में आज वाहन और संपत्ति शेयरों में भारी गिरावट रही । दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स आज 151.48 करीब 0.18 फीसदी नीचे आकर 82,201.16 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 53.60 अंक तकरीबन 0.21 फीसदी नीचे आकर 25,145.10 के स्तर पर बंद हुए।

सेंसेक्स के कुल 10 शेयर ही आज लाभ के साथ ही ऊपर आये जबकि निफ्टी के 17 शेयर बढ़त पर साथ बंद हुए। सेक्टोरल इंडेक्स देखा जाए तो सबसे बड़ी गिरावट निफ्टी ऑटो, ऑयल एंड गैस और रियल्टी सेक्टर में देखने को मिली। आज निफ्टी रियल्टी 0.97फीसदी निफ्टी ऑटो 0.38फीसदी और ऑयल एंड गैस 0.38 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। व्यापक स्तर पर देखा जाए तो स्मॉल और मिड-कैप क्रमश 1 फीसदी और 0.4 फीसदी बढ़कर शीर्ष स्तर पर पहुंचे। एशियाई शेयर बाजार आज नीचे आया। जापानी शेयर तीन सप्ताह के सबसे निचले स्तर पर खिसक गये। बाजार जानकारों के अनुसार निवेशकों को अमेरिकी नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें है और इसका प्रभाव भी बाजार पर पड़ा है। आज निफ्टी और सेंसेक्स दोनों में सबसे अधिक लाभ वाले शेर टाटा समूह की कंपनी टाइटन के रहे। टाइटन के शेयर बीएसई पर 3.11 फीसदी बढ़कर 3721.40 रुपये पर जबकि इस्थ पर 3.11 फीसदी की बढ़त के साथ 3,720 रुपये पर बंद हुए। इसके अलावा, निफ्टी पर सबसे अधिक लाभ वाले शेयरों में एलटीआई माइंडट्री , विप्रो, बीपीसीएल, आईटीसीस, हीरो मोटोकॉर्प, टाटा स्टील, इंफोसिस, एचसीएल टेक, हिंडाल्को और टीसीएस के शेयर रहे।

वहीं नुकसान वाले शेयरों में निफ्टी के 33 शेयर गिरावट पर बंद हुए, जिनमें कोका-कोला इंडिया, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज, सिप्ला, डॉ. रेड्डीज लैब्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.46 फीसदी तक गिरे।

बीएसई के रिलायंस इंडस्ट्रीज , टाटा मोटर्स, नेस्ले इंडिया और भारती एयरटेल सहित 20



शेयर लाल निशान में बंद हुए, इसमें 1.41 फीसदी तक की गिरावट रही।

**वहीं इससे पहले आज सुबह**

बाजार मामूली बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स 122 अंक चढ़कर 82,474 पर खुला जबकि निफ्टी 51 अंक ऊपर 25,250 पर खुला। इसके अलावा 13 प्रमुख सेक्टर में से ग्यारह हरे निशान में चल रहे थे जबकि घरेलू स्तर पर केंद्रित स्माल और मिड कैप में लगभग 0.5 फीसदी की वृद्धि देखी गई।अमेरिका के कमजोर आर्थिक आंकड़ों ने मंदी की चिंताओं को एक बार फिर जन्म दे दिया है और इसका पिछले सत्र में वैश्विक बाजारों पर असर पड़ा।

# प्रेस्टीज एस्टेट्स ने शेयर बेचकर 5,000 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली ।** रियल एस्टेट कंपनी प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने निजी नियोजन के जरिये संस्थागत निवेशकों को शेयर बेचकर 5,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने धन जुटाने के लिए 29 अगस्त को पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) जारी किया था। प्रेस्टीज एस्टेट्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि निदेशक मंडल की वित्त पोषण जुटाने वाली समिति ने पात्र संस्थागत निवेशकों को 1,674 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर 2,98,68,578 शेयरों के आवंटन को मंजूरी दी। यह निर्गम मूल्य समिति द्वारा निर्धारित 1,755.09 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य से 4.62 प्रतिशत कम था। बेंगलुरु स्थित प्रेस्टीज एस्टेट्स देश के अग्रणी डेवलपर में से एक है, जिसकी दक्षिण भारतीय बाजार में अच्छी उपस्थिति है। कंपनी ने मुंबई और दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के बाजारों में भी प्रवेश किया है।

# ग्लेनमार्क 2.5 करोड़ डॉलर का करेगी भुगतान




**नई दिल्ली ।** ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स ने एक जेनेरिक दवा के मूल्य निर्धारण से संबंधित मामले में अमेरिकी न्याय विभाग के साथ समझौते के तहत 2.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान करने पर सहमति जताई है। कंपनी ने बुधवार देर रात शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, मुंबई स्थित दवा निर्माता की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स इंक, यूएसए ने 28 मई 2024 से 4.25 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से निपटान राशि पर ब्याज के साथ पांच वर्षों में छह किस्तों में राशि का भुगतान करने पर सहमति व्यक्त की है। अमेरिकी न्याय विभाग के सिविल डिवीजन ने ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स इंक, यूएसए के साथ एक समझौते में झूठे दावों से जुड़े अधिनियम और रिश्वत विरोधी कानून की जांच पूरी कर ली है। इसके बाद ही कंपनी भुगतान पर सहमत हुई है।

# सुजलॉन ने पहले अपने हेडक्वार्टर को बेचा....फिर दोबारा खरीदा

**मुंबई ।**

ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशन प्रोवाइडर सुजलॉन एनर्जी का पुणे हेडक्वार्टर बिक चुका है। कंपनी ने अपने हेडक्वार्टर वन अर्थ के लिए प्रॉपर्टी सेल और लीजबैक ट्रांजैक्शन किया है। सुजलॉन ने 440 करोड़ रुपये में ओई बिजनेस पार्क प्राइवेट लिमिटेड (ओईबीपीपीएल) को बेचा है। यह एक स्पेशल पर्पज वीकल है। कंपनी के शेयर 360 वन ऑल्टरनेट्स एसेट मैनेजमेंट द्वारा मैनेज फंडस के पास हैं। सुजलॉन अपने नॉन-कोर एसेट्स को बेच रही है और हेडक्वार्टर की बिक्री भी उसी योजना का हिस्सा है।

देश में यह पहला मौका है जब किसी कंपनी ने अपना हेडक्वार्टर बेचा है। बिक्री के बाद कंपनी ने सब-लीजिंग और लाइसेंसिंग अधिकारों के साथ पांच साल तक की अवधि के लिए अपने मुख्यालय को वापस लीज पर ले लिया है। यह डाइवेस्टमेंट डील कंपनी की व्यापक विकास रणनीति का हिस्सा है। सुजलॉन ग्रुप के सीएफओ हिमांशु मोदी ने कहा कि इस बिक्री और लीजबैक व्यवस्था से सुजलॉन के परिचालन पर कोई असर पड़ने की उम्मीद नहीं है। कंपनी के पास संपत्ति के हिस्से को सब-लीज या लाइसेंस देने का अधिकार है। श्री मोदी ने कहा कि हमारे पास करीब 4 गीगावॉट का सबसे बड़ा ऑर्डरबुक है और नॉन-कोर एसेट्स से पूंजी अनलॉक करके हम अपने कोर बिजनस पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। कंपनी अब कर्जमुक्त हो गई है। हम इसतरह के रणनीतिक निर्णय लेने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमारे विकास के लिए अनुकूल हों और हमारे स्टेकहोल्डर्स के लिए स्थाई मूल्य बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करें। समझौते की शर्तों के तहत, सुजलॉन लीजहोल्डर के रूप में एसेट पर कब्जा करना जारी रखेगा। सुजलॉन ने ओईबीपीपीएल के शेयर और सिक्योरिटीज को खरीदने के लिए भी एक समझौता किया है। सेल और लीजबैक डील एक रणनीतिक वित्तीय लेनदेन हैं। इसमें कंपनी अपनी एसेट्स को खरीदार को बेचती है और साथ ही नए मालिक से इसे वापस पट्टे पर लेती है। आमतौर पर खरीदने वाली कंपनी रियल एस्टेट इनवेस्टर होता है। इस व्यवस्था से कंपनी को अपने संचालन को बाधित किए बिना रियल एस्टेट एसेट्स में बंधी पूंजी को अनलॉक करने की सुविधा मिलती है।

# सेमीकंडक्टर उद्योग में सप्लाई चेन और स्किल की चुनौती

**नई दिल्ली।**

ताइवान की सेमीकंडक्टर क्षेत्र की कंपनियां बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारत को वैकल्पिक विनिर्माण केंद्र के रूप में देख रही हैं, लेकिन इस संभावित साझेदारी को साकार करने की राह में कई चुनौतियां हैं। ताइवान आसियान अध्ययन केंद्र की निदेशक क्रिस्टी त्सुन-त्ज़ू ह्सू ने कहा कि किसी देश या स्थान में निवेश करने का फैसला लेते समय ताइवान की कंपनी पांच प्रमुख बातों को ध्यान में रखती है। इनमें स्थानीय ग्राहक सहायता, बुनियादी ढांचे की पूर्णता, आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती, स्थानीय सरकार का नीतिगत समर्थन और पर्याप्त प्रतिभा की उपलब्धता शामिल हैं। हाल में मुंबई में आयोजित अश्वमेध इलारा इंडिया डायलॉग 2024 में ह्सू ने कहा कि टीएसएमसी के साथ केवल एक टाटा की साझेदारी कभी भी काफी नहीं रहेगी। भारत को प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं और कारोबारी साझेदारों की व्यापक श्रृंखला के साथ संबंध बनाने की आवश्यकता है। देश में शैशव अवस्था वाले सेमीकंडक्टर उद्योग को विदेश में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रतिभाओं को वापस देश में आकर्षित करना भी चुनौतीपूर्ण लगता है। ताइवान में प्रशिक्षण हासिल करने वाले भारतीयों के बारे में ह्सू ने कहा कि ताइवान में प्रशिक्षण लेने के बाद उनमें से बहुत से लोग काम पर वापस आने के इच्छुक नहीं होते हैं।





# दस में से एक-दो प्रोजेक्ट ही चुनती हूं

चाहत खन्ना ने बड़े अच्छे लगते हैं, कुबूल है, थैंक-यू और प्रस्थानम जैसे टीवी शो और फिल्मों से अपनी पहचान बनाई है। अपने काम को लेकर चूजी ऐक्ट्रेस दस में एक-दो प्रोजेक्ट को ही हां बोलती हैं क्योंकि अब वह क्वॉलिटी वर्क करना चाहती हैं। वह जितनी तवज्जो काम को देती हैं, उतना ही ध्यान बेटी की पैरंट्स टीजर मीटिंग पर भी देती हैं। यही वजह है कि जिंदगी के व्यस्त शेड्यूल के बावजूद उन्होंने बेटी की एक भी पीटीएम आज तक मिस नहीं की। इन दिनों वह पति, पत्नी और कांड को लेकर चर्चा में हैं। एक्ट्रेस ने पहले फोन की यादों से लेकर डांसिंग, ऐक्टिंग और राइटिंग के बारे में बातचीत की।

### वर्दी पहनकर रोंगटे खड़े हो गए थे

पति, पत्नी और कांड में मैं डीसीपी की भूमिका में हूं। असल जिंदगी में कई पुलिसवालों से मेरी दोस्ती है। नेता और वकीलों के साथ भी उठना-बैठना है। सच कहूं तो वर्दी पहनने के बाद मेरे रोंगटे खड़े हो गए थे। मैंने कभी सोचा नहीं था कि कॉप का किरदार निभाऊंगी। आप जब वर्दी पहनते हैं, तब पता चलता है कि इस किरदार में करने के लिए क्या-क्या चीजें हैं। मैं सीरीज में ऐक्शन भी कर रही हूं, जिसमें शूटआउट से लेकर एनकाउंटर तक है। मैंने मार्शल आर्ट्स सीखा था। उस दौरान मुझे नहीं लगता था कि यह मेरे करियर के लिए फायदेमंद साबित होगा, लेकिन इसमें उसकी भी जरूरत पड़ गई।

### दस में से एक-दो प्रोजेक्ट ही चुनती हूं

आपने स्क्रीन पर मुझे बहुत कम देखा होगा। जितने ऑफर स्वीकार करती हूं, उससे ज्यादा नकार देती हूं। एक ही किरदार बार-बार ऑफर होता है तो गुस्सा आता है। इसी वजह से दस में से एक-दो प्रोजेक्ट ही चुनती हूं। शुरुआत में सबकुछ करना चाहती थी लेकिन पिछले एक दशक से क्वॉलिटी वर्क पर ध्यान दे रही हूं। कई बार रिलीज के बाद काम उतना निखरकर नहीं आता या उसको फेम नहीं मिलता। हालांकि, बतौर कलाकार आप संतुष्ट रहते हैं कि अच्छा काम किया। हिट होना, ना होना प्रोजेक्ट की किस्मत है।

### 50 की उम्र का अनुभव 30 में ही कर लिया

हां, यह सच है कि लोगों ने मुझसे सोशल मीडिया पर बच्चों की फोटोज डालने को मना किया था। इस तरह की बातों पर मुझे अपनी मां की दी हुई सीख याद आती है। ये सच है कि सुनो सबकी करो अपनी। मैं उसी बात को फॉलो करती आ रही हूं। हालांकि, कभी-कभी भूल जाती हूं लेकिन फिर मां की बात याद आ जाती है। मां तो मां ही होती है। उन्हें लगता है कि मैंने जीवन में बहुत संघर्ष किया है लेकिन मैं ऐसा नहीं मानती, मुझे लगता है कि संघर्ष आगे करना है और करते रहना है। मेरा करियर जल्दी शुरू हो गया था। इस वजह से जो लोग 50 साल की उम्र में देखते-सीखते हैं, मैंने 30 में ही कर लिया था।

### बचपन से ही लिखने का शौक रहा

टीवी इंडस्ट्री से मैं पिछले काफी समय से दूर हूं। मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता कि मैं टीवी, फिल्म या ओटीटी के लिए काम कर रही हूं। अगर मुझे काम से संतुष्टि मिलती है तो मैं स्टेज पर भी परफॉर्म करने के लिए तैयार हूं। इन दिनों मैं थिएटर भी कर रही हूं और आगे नाटकों का निर्देशन भी करने की इच्छा है। ऐक्टर से पहले मैं राइटर थी। मुझे बचपन से ही लिखने का शौक रहा है। मैंने कई सारी स्क्रिप्ट लिख रखी हैं लेकिन अभी तक कुछ भी डायरेक्ट नहीं किया है। जल्द ही लोगों के सामने कुछ नया लेकर आऊंगी।

## हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म को लेकर बोले राजकुमार राव, भेड़िया 2 या स्त्री 3

**राजकुमार राव इन दिनों अपनी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। वहीं लोग उनसे एक ही सवाल पूछ रहे हैं, स्त्री यूनिवर्स की अगली फिल्म कौन-सी होगी? क्योंकि 'स्त्री 2' के खत्म होने के बाद 2 पोस्ट क्रेडिट सीन्स दिखाए गए हैं। एक वरुण धवन से जुड़ा हुआ है और एक अक्षय कुमार से। ऐसे इंटरव्यू के दौरान, राजकुमार से पूछा गया कि स्त्री यूनिवर्स की अगली फिल्म 'भेड़िया 2' होगी या फिर 'स्त्री 3'?**

राजकुमार राव ने पहले सवाल का जवाब देते हुए कहा कि उन्हें इस बारे में कुछ नहीं पता है। लेकिन फिर उन्होंने कहा कि शायद 'भेड़िया 2' पहले आएगी। उन्होंने इसके पीछे का कारण समझाते हुए कहा, 'स्त्री' का दूसरा पार्ट आ चुका है, लेकिन 'भेड़िया' का दूसरा पार्ट अभी तक नहीं आया है। ऐसे में 'स्त्री' के तीसरे पार्ट से पहले वरुण धवन की हॉरर कॉमेडी फिल्म का सीक्वल आ सकता है। इसके बाद जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें 'स्त्री 3' के बारे में कोई जानकारी है? तब उन्होंने कहा, 'बनेगी, जरूर बनेगी और कोशिश करेंगे कि 'स्त्री 3', 'स्त्री 1' और 'स्त्री 2' से भी बेहतर बने। फिल्म के निर्देशक अमर कौशिक के पास एक आइडिया है। उन्होंने फिल्म की बेसिक स्टोरी भी तैयार कर ली है।' रिपोर्ट के मुताबिक, 'स्त्री 2' ने 18 दिनों में भारतीय बॉक्स ऑफिस से 480.05 करोड़ रुपये और वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस से 680 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है।

## सामाजिक मुद्दों को लेकर आयुष्मान ने रखी अपनी राय

आयुष्मान खुराना इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता हैं। उन्हें उनके बहुमुखी अभिनय क्षमता के लिए काफी पसंद किया जाता है। अभिनेता ने अपनी फिल्मों के जरिए ये साबित भी किया है। उनकी फिल्मों में अक्सर समाज के लिए एक संदेश होता है। हाल में ही अभिनेता एक बयान दिया है, जिस पर काफी चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि वह एक कार्यकर्ता नहीं हैं, लेकिन लोग उनसे अपेक्षा करते हैं कि वो हर मुद्दे पर अपनी राय जाहिर करें। आयुष्मान अक्सर पर्दे पर ऐसी भूमिकाए करते हैं, जिनमें वह किसी सामाजिक मुद्दे पर लोगों का ध्यान आकर्षित कराते हैं। हाल में ही वह दिल्ली में एक कार्यक्रम में मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने सामाजिक मुद्दों पर अपनी सक्रियता और समाज में एक कलाकार की भूमिका को लेकर बात की। उन्होंने कहा,मैं एक कार्यकर्ता नहीं हूं, मैं एक अभिनेता और एक कलाकार हूं। मुझे जो कुछ भी कहना है, मैं अपनी कविता, संगीत या फिल्मों के माध्यम से कहता हूं। अभिनेता ने आगे कहा एक अभिनेता या कलाकार से लगातार उनकी राय जाहिर करने की अपेक्षा करना थोड़ा भोलापन है। अभिनेता ने आगे कहा कि कलाकारों के लिए भावनात्मक बुद्धिमत्ता अक्सर बौद्धिक बुद्धिमत्ता से बड़ी भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा, हम भावनाओं से निपटते हैं, हम भावनाओं को बेचते हैं, हम भावनाओं का निर्माण करते हैं और यही हमारा मुख्य काम है, लेकिन साथ ही मैं एक सामाजिक रूप से अपनी जिम्मेदारी निभाने की सर्वश्रेष्ठ कोशिश करता हूं।



## सलमान खान-एटली की फिल्म पर लगी मुहर



जवान के बाद एटली के फैंस को उनकी नई फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। हाल ही में यह खबर सामने आई थी कि वह अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए सलमान खान से बातचीत कर रहे हैं। तब मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया था कि दो हीरो वाली फिल्म की स्टोरीलाइन और आइडिया भाईजान को काफी पसंद आया था। अब इस फिल्म को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। खबरों की मानें तो सलमान को फिल्म की पटकथा बहुत पसंद आई है और उन्होंने इसमें काम करने के लिए हामी भर दी है। फिलहाल, इस फिल्म में सलमान का किरदार कैसा होगा इसका खुलासा अभी नहीं हुआ है। हालांकि, रिपोर्ट्स के दावों की मानें तो सलमान खुद इस फिल्म के लिए कमल हासन से बात कर रहे हैं। यह एटली की छठी फिल्म है। इसलिए इसे ए6 कहा जा रहा है। रिपोर्ट्स की मानें तो निर्देशक इस फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम अक्तूबर के महीने से शुरू करना चाहते हैं। निर्माताओं का प्लान है कि पहले इस फिल्म का एक अनाउंसमेंट वीडियो जारी कर दिया जाए। उसके बाद से फिल्म की शूटिंग जोर-शोर से शुरू की जाए। बताया जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग अगले साल जनवरी में शुरू हो सकती है। वर्क फ्रंट की बात करें तो सलमान इस समय एआर मुरुगादॉस के निर्देशन में बन रही फिल्म सिकंदर में काम कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण नाडियाडवाला ग्रैंडसन के बैनर तले हो रहा है। इसमें रश्मिका मंदाना भी हैं। यह फिल्म ईद 2025 पर रिलीज होने वाली है। सलमान को आखिरी बार टाइगर 3 में देखा गया था। एक्शन से भरपूर इस फिल्म का निर्देशन मनीष शर्मा ने किया था। फिल्म में शाहरुख खान भी पठान के रूप में कैमियो करते हुए नजर आए थे।






## अक्टूबर में होगी अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग, शामिल होंगे संजय

इन दिनों अजय देवगन अपनी आगामी कॉमेडी-एक्शन फिल्म सन ऑफ सरदार 2 को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म की शूटिंग अक्टूबर 2024 से शुरू होगी। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की शूटिंग के दौरान संजय दत्त के भी शामिल होने की बात सामने आई है। फिल्म सन ऑफ सरदार ने साल 2012 को रिलीज के बाद सिनेमाघरों में जमकर कमाई की थी। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट आ रहा है, जिसकी शूटिंग इस साल अक्टूबर के महीने में पंजाब में शुरू की जाएगी। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, संजय दत्त अक्टूबर 2024 में पंजाब में शूटिंग शुरू करने के लिए अजय देवगन और कलाकारों के साथ शामिल होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वीजा संबंधी समस्याओं के कारण संजय को यूके की शूटिंग से बाहर होना पड़ा, जिससे फिल्म में उनकी भूमिका को लेकर कुछ बदलाव किए गए हैं, लेकिन उनकी भूमिका अभी भी महत्वपूर्ण होगी। प्रशंसक अजय और संजय की शानदार जोड़ी को फिर से स्क्रीन पर एक साथ देखने के लिए उत्सुक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सन ऑफ सरदार 2 पिछले पार्ट से जुड़ा हुआ नहीं होगा। इसमें बिहारी और पंजाबी डॉन के बीच एक गैंगवार भी शामिल होगा। इसके अलावा, रवि किशन का मूल किरदार, जो पहले विजय राज को सौंपा गया था, अब संजय मिश्रा के लिए फाइनल किया गया है। संजय पहले पार्ट की तरह ही डॉन की भूमिका में नजर आएंगे, जो कहानी में गहराई और रोमांच जोड़ेंगे। फिल्म की शूटिंग फिलहाल यूके में चल रही है, जिसमें मृणाल ठाकुर और अजय देवगन मुख्य भूमिका में हैं।



## मिर्जापुर 3 को मिली प्रतिक्रियाओं पर बोलीं रसिका

मिर्जापुर अमेजन प्राइम वीडियो की सबसे लोकप्रिय भारतीय वेब सीरीज में से एक है। दर्शकों के द्वारा इसके पहले और दूसरे सीजन को काफी ज्यादा प्यार मिला था। इसके बाद इस सीरीज का तीसरा सीजन भी इस साल प्रीमियर हुआ। हालांकि, पहले दो सीजन के मुकाबले तीसरे सीजन को दर्शकों से उतना ज्यादा प्यार नहीं मिला। इस पर सीरीज में अहम किरदार में नजर आई अभिनेत्री रसिका दुग्गल ने हाल में ही अपने विचार साझा किए हैं।

### मिर्जापुर 3 को मिली है मिश्रित प्रतिक्रिया

मिर्जापुर में एक से बढ़कर सितारों की लंबी-चौड़ी सूची रही है। अली फजल, पंकज त्रिपाठी, विजय वर्मा आदि कलाकारों के अभिनय से सजी इस सीरीज में रसिका दुग्गल भी बीना त्रिपाठी के किरदार में नजर आई। इस साल रिलीज हुए तीसरे सीजन में भी उन्होंने अपने किरदार को आगे बढ़ाया। इस सीजन से दर्शकों को काफी ज्यादा उम्मीदें थीं, लेकिन शो को दर्शकों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली।

### हर तरह की प्रतिक्रिया अच्छी और स्वागत योग्य है

दूसरे सीजन की रिलीज के लगभग चार साल के लंबे अंतराल पर इसका तीसरा सीजन रिलीज किया गया था। रसिका दुग्गल ने शो को मिले मिश्रित प्रतिक्रिया पर जवाब देते हुए कहा कि इस शो के फैंस काफी प्रतिबद्ध हैं, शो के तीन सीजन देखने और सराहने के बाद ये शो दर्शकों का भी उतना ही है, जितना उनका है। उन्होंने कहा, दर्शकों ने सीजन 3 को पसंद किया है और कुछ ने टिप्पणी की है कि यह उनकी अपेक्षा से कैसे अलग था। मुझे लगता है कि हर तरह की प्रतिक्रिया अच्छी और स्वागत योग्य है।
पिछले महीने ही अमेजन प्राइम इंडिया ने रसिका और अली फजल की कुछ तस्वीरें जारी की थीं। इन तस्वीरों ने दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया था। लोग कयास लगाने लगे थे कि इसके आने वाले सीजन में निर्माता जरूर कुछ नया प्लान कर रहे हैं। इस पर बात करते हुए रसिका ने खुशी जताते हुए कहा कि उन्हें अच्छा लगता है कि मिर्जापुर से जुड़ा हर पोस्ट इस शो को लेकर एक नई चर्चा को जन्म देता है। उन्होंने कहा, मुझे अच्छा लगता है कि मिर्जापुर के बारे में हर पोस्ट आने वाले समय के बारे में बातचीत को बढ़ावा देती है। हमारे पास सबसे अच्छे दर्शक हैं। इन तस्वीरों का उद्देश्य गुड्डू-बीना के रिश्ते को अब तक के स्टाइलिश रूप में पेश करना था।

## सूर्या ने किया खुलासा - अपनी तय तारीख पर रिलीज नहीं होगी कंगुवा

सूर्या स्टारर फिल्म कंगुवा का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। मगर इसे लेकर दर्शकों का उत्साह थोड़ा कम हो सकता है, क्योंकि ये फिल्म अब अपनी रिलीज से आगे खिसका दी गई है। हालांकि, इसकी नई रिलीज डेट को लेकर फिलहाल कोई खुलासा नहीं किया गया है। जल्द ही मेकर्स दर्शकों का उत्साह बढ़ाते हुए घोषणा कंगुवा की नई रिलीज डेट की घोषणा करेंगे। सूर्या ने खुद इस खबर की पुष्टि करते हुए इसके पीछे की वजह बताई है। दरअसल, कंगुवा और रजनीकांत की वेट्टैयन 10 अक्टूबर को एक ही तारीख पर दस्तक देने वाली थीं। मगर रजनीकांत की फिल्म के चलते कंगुवा ने फिल्म की रिलीज स्थगित कर दी है। सूर्या ने फिल्म मैयाझागन के ऑडियो लॉन्च पर बताया कि रजनीकांत उनसे वरिष्ठ हैं, इसलिए निर्माताओं ने रिलीज को स्थगित करने और वेट्टैयन के लिए रास्ता बनाने का फैसला किया है। अपने भाई कार्थी की फिल्म मैयाझागन के ऑडियो लॉन्च पर बोलते हुए सूर्या ने कहा, ढाई साल से भी ज्यादा समय से 1000 से ज्यादा लोगों ने तमिल सिनेमा में एक खास फिल्म पेश करने के लिए कांगुवा के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत की है। मुझे यकीन है कि आप वो प्यार और सम्मान देंगे। जब वो आएगा, तो उसे सब कुछ मिलेगा। उन्होंने आगे कहा, 10 अक्टूबर को वेट्टैयन आ रही है। हमें सम्मान के लिए फिल्म को आगे बढ़ाना चाहिए।

